


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 165 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, रविवार 3 अप्रैल 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




## खास-खबर

### सड़क हादसा: ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसी कार, एक मजिस्ट्रेट की मौत एक अन्य गंभीर, सीएम ने जताया शोक

**छतरपुर ( एजेंसी )।** छतरपुर में मजिस्ट्रेट की कार ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई, हादसे में बड़ा मलहरा मजिस्ट्रेट की मौत हो गई, वहीं, एक अन्य मजिस्ट्रेट और कार चालक गंभीर रूप से जख्मी हैं। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बड़ा मलहरा मजिस्ट्रेट के निधन पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मजिस्ट्रेट की कार चालक शैलेंद्र सिंह दिनकर ने बताया कि वह कार से दो मजिस्ट्रेट को लेकर शाम 6:15 बजे बड़ा मलहरा से छतरपुर के लिए रवाना हुए थे। कार में मजिस्ट्रेट ऋषि तिवारी, आशीष कुमार माथोरिया व ड्राइवर शैलेन्द्र सिंह दिनकर सवार थे। जैसे ही कार कानपुर सागर नेशनल हाईवे पर मातगुंवा के पास पहुंची तो सड़क पर सामने से आ रहे ट्रक की रौशनी में आंखें चकाचौंध हो गई और अंधेरे में खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। हादसे के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मजिस्ट्रेट ऋषि तिवारी को मृत घोषित कर दिया। मजिस्ट्रेट आशीष कुमार गंभीर घायल हैं। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज झांसी रैफर किया गया है। हादसे की जानकारी लगते ही जिला अस्पताल में जिला न्यायालय के मजिस्ट्रेट व पुलिस के अधिकारियों का जमावड़ा हो गया। पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा समेत कई अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी शशांक जैन का कहना है कि दोनों गभीर घायल को झांसी रैफर किया गया है। जबकि एक मजिस्ट्रेट की मौत हो गई है।

### सीएम भूपेश बोले-15 साल मुख्यमंत्री रहे, तब क्या सोए थे

# महाराज के नाम पर खोई जमीन पाना चाहते हैं भाजपाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बस्तर।** बस्तर के महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव की हत्या की पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह व भाजपा द्वारा जांच की मांग किए जाने पर छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि अविभाजित मध्य प्रदेश में सुंदरलाल पटवा व कैलाश जोशी की सरकार थी तब क्यों जांच नहीं किए। डॉ. रमन सिंह भी खुद 15 साल प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब क्या सोए थे। आज जब बस्तर से पूरी जमीन खिसक गई है, तब महाराजा के नाम पर राजनीति कर खोई जमीन पाना चाहते हैं।




शनिवार को दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर पहुंचे सीएम भूपेश ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि महराजा प्रवीरचंद कांग्रेस के जिला कमेटी के पहले अध्यक्ष थे। महाराजा प्रवीरचंद के प्रति बस्तर के लोगों में बड़ी आस्था है। उनके नाम पर भाजपा अब राजनीति कर रही है। सीएम भूपेश ने कहा कि डॉ. रमन सिंह को सरकार में रहते हुए ही यह जांच करवा लेनी चाहिए था। अब इस मामले पर राजनीति करना उचित नहीं है। बस्तर की जनता यह समझ रही है।

### भाजपा नेताओं की उनकी ही पार्टी में हो रही उपेक्षा

बस्तर में भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी के लगातार दौरे के सवाल पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ भाजपा के सभी नेताओं को कटघरे में रखकर डी पुरंदेश्वरी संगठन का काम कर रही हैं। इसमें कोई हर्ज भी नहीं है, लेकिन जिस तरह से उनके द्वारा छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं की उपेक्षा की जा रही है, यह उचित नहीं है। सीएम के अनुसार डी पुरंदेश्वरी न रमन सिंह को और न ही प्रदेश अध्यक्ष को कहीं लेकर जाती हैं। इस तरह के व्यवहार से रमन सिंह और छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के प्रति उनकी क्या सोच है, यह स्पष्ट हो रहा है।

## भोले-भाले आदिवासियों को भड़काया जा रहा, सीएम भूपेश ने कहा- तथाकथित लोग आग में घी डालने का काम कर रहे



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बस्तर।** भाजपा के पंद्रह साल के शासनकाल में बस्तर के लोग डरे हुए थे, अपनी बात नहीं कह पाते थे। अब वातावरण सुधरा तो लोग घरों से बाहर निकल कर अपनी बात कह रहे हैं और अपनी मांगों को शासन तक पहुंचा रहे हैं। यही आजादी है और यही प्रजातंत्र है। इस आजादी का यह मतलब नहीं है कि आप कलेक्ट्रेट में बलपूर्वक घूस जायेंगे। आप अपनी बात आराम से भी रख सकते हैं। उग्र होने की आवश्यकता नहीं है। उक्त बातें सिरहा गुनिया सम्मेलन के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने कही।

सुकमा, कटेकल्याण और नारायणपुर में आदिवासियों द्वारा उग्र होने के पर मुख्यमंत्री भूपेश ने कहा कि बस्तर अब बदल रहा है। बस्तर में फर्जी मुठभेड़ नहीं हो रही है। नक्सली घटनाओं में कमी आई है। नक्सलियों की भर्ती में भारी कमी आई है और बस्तर शांति की ओर आगे बढ़ रहा है। बस्तर को शांत होता देख कई संगठनों और लोगों को तकलीफहो रही है। कुछ संगठनों द्वारा आदिवासियों को भड़काया जा रहा है और ऐसे आंदोलनों में आग में घी डालने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा ऐसे लोगों को बस्तर में शांति लाने के लिए आगे आना चाहिए न कि आंदोलन भड़काना चाहिए। बता दें कि बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के कैंपों व रावघाट परियोजना का आदिवासी विरोध कर रहे हैं।

### हड़ताल पर जाकर गलत कर रहे हैं वन कर्मचारी

बस्तर सहित प्रदेश के कई जंगलों में आगजनी की घटनाएं हो रही है। आग को काबू करने वन अमला मौजूद नहीं है। वन कर्मचारियों के हड़ताल पर सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि गर्मी की वजह से जंगलों में आग लग रही है। ऐसे समय में बस्तर और अन्य जंगल वाले क्षेत्रों को वन कर्मचारियों की आवश्यकता है। उनका हड़ताल पर जाना गलत है। यदि उनकी कोई मांग है तो उन्हें अपनी बात अपने उच्च अधिकारियों के सामने रखनी चाहिए। ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसका समाधान बातचीत से हल नहीं किया जा सकता।

### पीएम मोदी की हवाई सेवा एक दिन में हुई बंद

बस्तर में रेल सुविधा बढ़ाने के लिए दिल्ली गए भाजपा नेताओं पर तंज कसते हुए सीएम भूपेश ने कहा कि बस्तर को हवाई सुविधा से जोड़ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ आए और हवाई सेवा प्रारंभ की, लेकिन यह सुविधा केवल एक दिन चलकर बंद हो गई। हमारी सरकार ने बस्तर में फिर से हवाई सुविधा शुरू की। आज बस्तर, रायपुर और हैदराबाद से सीधे जुड़ गया है। अन्य शहरों को भी हवाई सेवा से जोड़ने की कोशिश की जा रही है।

## जो बनना था वह बन गया, एक चाहत अभी बाकी है वह भी होगी पूरी-टीएस सिंहदेव

**श्रीकंचनपथ न्यूज**



रायपुर। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने अपनी एक अधूरी इच्छा जताई है। उन्होंने रायपुर में कहा कि वे कांग्रेस में हैं और भविष्य में भी कांग्रेस में ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में माहौल सकारात्मक है। पार्टी बदलने की बात को नकारते हुए कहा कि प्रदेश में फिलहाल दो ही पार्टियां सक्रिय हैं। किसी तीसरी पार्टी का यहां वर्चस्व नहीं हैं ऐसे में भाजपा में जाने का कोई सवाल ही नहीं है। चुटीले अंदाज में सिंहदेव ने कहा कि भाजपा वाले कभी उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे।

इस बीच, यह भी सामने आया है कि पंजाब में कांग्रेस को हराकर सरकार बनाने वाली आम आदमी पार्टी ने स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से संपर्क किया है। इस बात की जानकारी देते हुए सिंहदेव ने कहा कि राज्य में आम आदमी पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं है। इस दौरान उन्होंने कहा कि भले ही आप ने उनसे संपर्क किया हो, लेकिन केजरीवाल से उनकी कभी मुलाकात नहीं हुई है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बीजेपी से उनके कई मुद्दों पर मतभेद हैं। इस दौरान उन्होंने अपने निजी जीवन की कुछ बातों को भी साझा किया। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने राजनीतिक जीवन में जाने से उन्हें मना किया था। इस दौरान सीएम बनने की बात पर उन्होंने कहा कि जो बनना था वह बन गया हूं। अभी कुछ बनना बाकी है, उसको लेकर समय-समय पर चर्चा होती रहती है। इसको लेकर प्रयास भी जारी है। टीएस सिंहदेव ने कहा कि एक चाहत अभी बाकी है वह भी पूरी होगी इसकी उम्मीद है। इस दौरान इशारा देते हुए उन्होंने कहा कि चाहत को लेकर बातें हुई हैं। माहौल सकारात्मक है। इस दौरान उन्होंने अपने काम भी गिनाए। उन्होंने पीएम सड़क योजना की प्रगति को लेकर भी जानकारी दी।

### पाक में अविश्वास प्रस्ताव पर डिप्टी स्पीकर का बड़ा फैसला: इमरान सरकार के खिलाफ नहीं हुआ मतदान, 25 अप्रैल तक संसद स्थगित

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए निर्णय का दिन है। रविवार यानी 3 अप्रैल को नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग होनी थी। क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान को उनके प्रमुख सहयोगियों ने छोड़ दिया है। बड़ी संख्या में विद्रोही सांसदों ने उनके खिलाफ मतदान करने की कसम खाई है। वहीं, इमरान खान ने भी दावा किया है उनके पास कई योजनाएं हैं। वंही पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में आज कार्यवाही हुई। इस दौरान अविश्वास प्रस्ताव पर विदेशी साजिश का आरोप लगाया गया। संसद ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। वहीं सदन की कार्यवाही को 25 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। पाकिस्तान में इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया है।

## शोभायात्रा



### हिन्दू नववर्ष पर निकली शोभायात्रा, दी बधाई

भिलाई। हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को ग्राम जेवरा-सिरसा में भव्य शोभायात्रा निकली। महिलाएं और सेवा भजन मंडलियों की सुमधुर व समवेत स्वरलरियों, गूंजते जयकारों, जगह-जगह नववर्ष के अभिनंदन के बैनर, बंदनवार, स्वागत द्वार और सजे भगवा ध्वज से शोभायात्रा की भव्यता देखते ही बन रही थी। श्री साजा राउत देवालय में पूजा अर्चना पश्चात अस्त्र-शस्त्र और भगवा ध्वज से सुसज्जित यह सांस्कृतिक व धार्मिक शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए पहले जेवरा फिर सिरसा के महावीर चौक से गांव का भ्रमण की।

## सिपाहियों ने घर में खुद रखी शराब और बना दिया केस वीडियो सामने आया तो एसपी ने किया लाइन अटैच

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में पुलिस की अवैध उगाही और झूठे केस में फंसाने का मामला सामने आया है। पचपेढ़ी थाने के हवलदार के साथ मिलकर तीन सिपाहियों ने ग्रामीण को शराब के झूठे केस में फसाने की धमकी दी है। इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस कर्मी हाथों में शराब की पैकेट लिए नजर आ रहे हैं, जिनका वीडियो सामने आने के बाद वर्दी की साख बचाने हरकत में आई एसएसपी ने चारों पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है।




मिली जानकारी के अनुसार घटना एक सप्ताह पहले पचपेढ़ी थाना क्षेत्र के मनवा गांव की है। मुखबिर से सूचना मिलने पर 4 पुलिसकर्मी अवैध शराब पकड़ने गए थे। वहां उन्होंने एक ग्रामीण के घर दबिश देकर शराब की तलाशी ली। घर में शराब नहीं मिलने पर पुलिसकर्मियों ने अपने साथ लेकर आई शराब को घर में रखकर आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर दी। पुलिसकर्मियों के इस करतूत का वीडियो घर की एक महिला ने बना लिया था। वीडियो में महिला भैया हमारे घर में तो कुछ नहीं मिला है, फिर बाहर से शराब लाकर क्यों फंसा रहे हो बोलते सुनाई दे रही है।

### 4 पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच किया

वीडियो में महिला के अनुसार पुलिसकर्मी अपनी गाड़ी की डिक्की में शराब के पैकेट लेकर आये थे। वीडियो वायरल होने के बाद बिलासपुर एसपी पारुल माथुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पचपेढ़ी थाना में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 226 भानुप्रताप डहरिया, आरक्षक क्रमांक 1139 चंद्रप्रकाश भारद्वाज, आरक्षक क्रमांक 1488 शिवधन बंजारे, आरक्षक क्रमांक 922 सद्दाम पाटले को लाइन अटैच कर दिया है।

### एडिशनल एसपी को जांच की जिम्मेदारी

एसएसपी माथुर ने पूरे मामले की जांच का जिम्मा एडिशनल एसपी ग्रामीण रोहित झा को सौंपकर एक सप्ताह के भीतर जांच कर जांच प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि इससे पूर्व भी पचपेढ़ी क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर आबकारी विभाग ने कार्रवाई की थी। जिसके बाद तत्कालीन डीजीपी डीएम अवस्थी ने पचपेढ़ी टीआई सुनील तिर्की को लाइन अटैच कर दिया था।

# खैरागढ़ उपचुनाव : कांग्रेस की जीत के लिए जुटे भिलाई के कांग्रेसी विधायक देवेन्द्र, नीरज पाल व लक्ष्मीपति राजू सहित दिग्गजों ने संभाली कमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** खैरागढ़ उपचुनाव अब दिलचस्प मोड़ पर आ गया है। कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने भिलाई के दिग्गज कांग्रेसी भी मैदान में डटे हुए हैं। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, भिलाई निगम के एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, भिलाई शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, संदीप निरंकारी सहित अन्य लोग चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। खासकर विधायक देवेंद्र यादव यहां चुनाव में जीत के लिए विशेष रणनीति बना रहे हैं जिसमें महापौर नीरज पाल व एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू उनका सहयोग कर रहे हैं।

बता दें खैरागढ़ उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी काफी गंभीर है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव के बाद खैरागढ़ को जिला बनाने का वादा किया। इसके बाद चुनावी माहौल पूरी तरह से बदल गया है। यहां की फिजा कांग्रेस मय हो गई है। इसके बाद भी पार्टी प्रमुख थोड़ी सी भी ढील देने के पक्ष में नहीं है। इसे देखते हुए भिलाई के दिग्गज कांग्रेसियों को मैदान में उतार दिया है।



### जोर शोर से लगें है प्रचार में

युवा विधायक देवेंद्र यादव के साथ एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू खैरागढ़ चुनाव में जोर शोर से लगे हुए हैं। जनता के बीच प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। एक और विधायक देवेंद्र यादव चुनाव में जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हैं और वह लगातार मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। विधायक देवेंद्र यादव का कहना है कि बीते 3 वर्षों में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने विकास का जो पैमाना तय किया है उसे देखते हुए कांग्रेस की जीत पक्की है।

### चुनावी रणनीति बनाने के माहिर खिलाड़ी हैं लक्ष्मीपति राजू

भिलाई निगम के एमआईसी सदस्य व सेक्टर-7 वार्ड 66 से पार्षद लक्ष्मीपति राजू चुनावी रणनीति बनाने के माहिर खिलाड़ी माने जाते हैं। वे अपने क्षेत्र में चार बार से लगातार पार्षद का चुनाव जीत रहे हैं और उनकी इसी क्षमता को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस ने उन्हें भी खैरागढ़ में उतार दिया है। लक्ष्मीपति राजू भी खैरागढ़ उपचुनाव में जोर शोर से डटे हुए हैं। लक्ष्मीपति राजू का कहना है कि पिछले 3 साल के दौरान प्रदेश में 3 उपचुनाव हो गए जिसमें कांग्रेस ने जीत दर्ज की है।

### कांग्रेस की सरकार विकास का आधार : लक्ष्मीपति राजू

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार विकास का आधार बन गई है। पिछले दिनों हुए नगरी निकाय चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी को एकतरफा जीत मिली थी। खैरागढ़ में भी कांग्रेस बड़ी जीत दर्ज करेगी। लक्ष्मीपति राजू ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खैरागढ़ के लिए कई वादे किए हैं। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण खैरागढ़ ,छुईखदान एवं गंडई को मिलाकर जिला बनाने का वादा है। मुख्यमंत्री अपने हर वादे के पक्के हैं चुनाव में कांग्रेस की जीत तय है और जीत के बाद खैरागढ़ का जिला बनना भी तय है।

## संपादकीय

# पीछे छूटी टीबी से लड़ाई

जब कोविड ने कहर बरपाया, तब टीबी सरकार और समाज की प्राथमिकता में काफी पीछे छूट गई। सवाल है क्या अब कोविड के शांत होने के बाद टीबी की लगातार गंभीर होती समस्या की तरफ सरकार और स्वास्थ्य व्यवस्था का ध्यान जाएगा? दुनिया के टीबी मरीजों में से एक चौथाई भारत में हैं।

कोविड-19 ने टीबी के खिलाफ लड़ाई को भारी नुकसान पहुंचाया है। हालांकि इससे कुछ सबक सीखने को भी मिले हैं। अब यह हम पर है कि हम इन सबकों को सीखते हैं या नहीं। असल सवाल राजनीतिक इच्छाशक्ति का है। यहां ये याद कर लेना उचित होगा कि 2020-21 में जब कोविड ने कहर बरपाया, तब टीबी सरकार और समाज की प्राथमिकता में काफी पीछे छूट गई। सवाल है कि क्या अब कोविड के शांत होने के बाद टीबी की लगातार गंभीर होती समस्या की तरफ सरकार और स्वास्थ्य व्यवस्था का ध्यान जाएगा? गौरतलब है कि दुनियाभर के टीबी मरीजों में से लगभग एक चौथाई भारत में हैं। एक अनुमान के मुताबिक 2020 में भारत में लगभग पांच लाख लोगों की मौत टीबी से हुई, जो कि पूरी दुनिया में हुई मौतों का एक तिहाई है। करीब एक दशक में पहली बार 2020 में टीबी से मौतों में वृद्धि हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक कोविड महामारी ने टीबी के मोर्चे पर सालों की मेहनत पर पानी फेर दिया। बीते हफ्ते विश्व टीबी दिवस के मौके पर भारत ने एक नई रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2019-21 के दौरान लगभग दो तिहाई लोग ऐसे थे, जिनके अंदर टीबी के लक्षण पाए गए, लेकिन उन्हें इलाज नहीं मिला।

> “ लेकिन अब इस लक्ष्य को हासिल करना बेहद मुश्किल लग रहा है। ऐसा तभी हो सकता है, अगर टीबी के मामलों को खोजने के लिए जमीनी स्तर पर विशेष अभियान चलाए जाएं। इसके लिए अतिरिक्त फंडिंग की जरूरत होगी। फिर यह भी गौरतलब है कि टीबी की बड़ी वजह कुपोषण है, जिसके भारत में बढ़ने के संकेत हैं। बहरहाल, ये अच्छी खबर है कि मास्क की वजह से टीबी का प्रसार भी 20 प्रतिशत तक कम होने का अनुमान लगाया गया है। ऐसे उपायों को जारी रखने की जरूरत है।

सर्वाइवर्स अगेंट्स टीबी नाम की संस्था के मुताबिक कोरोना महामारी के समय टीबी के खिलाफ मुहिम में शामिल लोग बेहद डरे हुए थे। उन्हें किसी भी तरह की सूचना, टेस्ट और इलाज आदि की सुविधाएं उस समय उपलब्ध नहीं थीं। यही कारण रहा जिससे कोविड ने टीबी के खिलाफ लड़ाई को बहुत पीछे पहुंचा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 तक- यानी संयुक्त राष्ट्र की समयसीमा से पांच साल पहले देश से टीबी खत्म करने का लक्ष्य तय किया हुआ है। लेकिन अब इस लक्ष्य को हासिल करना बेहद मुश्किल लग रहा है। ऐसा तभी हो सकता है, अगर टीबी के मामलों को खोजने के लिए जमीनी स्तर पर विशेष अभियान चलाए जाएं। इसके लिए अतिरिक्त फंडिंग की जरूरत होगी। फिर यह भी गौरतलब है कि टीबी की बड़ी वजह कुपोषण है, जिसके भारत में बढ़ने के संकेत हैं। बहरहाल, ये अच्छी खबर है कि मास्क की वजह से टीबी का प्रसार भी 20 प्रतिशत तक कम होने का अनुमान लगाया गया है। ऐसे उपायों को जारी रखने की जरूरत है।

## इमरान के पास कौनसा तुरुप का पत्ता?

अब पाकिस्तान में इमरान सरकार का बचना मुश्किल है। कल पाकिस्तान के सेनापति क़मर बाजवा और आईएसआई के मुखिया जनरल नदीम अंजुम से इमरान की काफी लंबी भेंट हुई। ये दोनों इमरान से नाराज हैं। यदि इमरान ने इन दोनों को पटा लिया हो तो हो सकता है कि इमरान हारी हुई बाजी जीत जाएं, क्योंकि पाकिस्तान की राजनीति की असली धुरी फौज ही है। पाकिस्तान के जो राजनीतिक दल इमरान की पार्टी पीटीआई को समर्थन दे रहे थे और उसकी अल्पमत की सरकार को जिंदा रखे हुए थे, वे भी फौज का बदला हुआ रवैया देखकर अब इमरान का साथ छोड़ रहे हैं। इमरान के अपने लगभग दो दर्जन सांसदों ने बगावत का झंडा थाम रखा है। यदि इमरान उन्हें भी किसी तरह जोड़े रखें तो भी अब मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट के 7 सांसद विरोधी खेमे में शामिल हो गए हैं। इमरान की गठबंधन सरकार सिर्फ 5 सदस्यों के बहुमत से चलती जा रही थी। वह अब अल्पमत में चली गई है। इमरान अब भी इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। वे कहते हैं कि अभी भी उनके पास ‘तुरुप का पत्ता’ है।

उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री पद से अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री का इस्तीफा करवाकर मुस्लिम लीग (क़ा) के परवेज इलाही को मुख्यमंत्री बनवा दिया है ताकि इस पार्टी के 7 सांसद टूटे नहीं। समझ में नहीं आता कि इमरान अब कौनसा तुरुप का पत्ता चलने वाले हैं? क्या वह अपनी जगह अपने बागियों में से किसी को प्रधानमंत्री बनाकर अपनी सरकार बचा लेंगे? सभी विरोधी दल मांग कर रहे हैं कि 3 अप्रैल को अविश्वास प्रस्ताव के पहले ही इमरान इस्तीफा दे दें लेकिन इमरान तो इतिहास बनाने पर तुले हुए हैं। 1957 में सिर्फ दो माह तक प्रधानमंत्री रहनेवाले इब्राहिम चुंदरीगर ही ऐसे एक मात्र प्रधानमंत्री हुए हैं, जिन्हें संसद में अविश्वास प्रस्ताव के कारण अपना पद छोड़ना पड़ा था। इमरान उन्हीं की राह पर हैं। आज तक पाकिस्तान में एक भी प्रधानमंत्री ऐसा नहीं हुआ है, जो पूरे पांच साल तक अपनी कुर्सी में टिका रहा हो। यह तथ्य ही बताता है कि पाकिस्तानी लोकतंत्र कितना दुर्दशाग्रस्त है। **-वेद प्रताप वैदिक**

> “ **हालात भी इस वक्त हिन्दुस्तान के अनुकूल हैं। आज अमेरिका ढलान पर है, तो चीन भी कोविड के बाद से कमजोर हुआ है। पहले से अपने अंतरविरोधों से जूझते यूरोप को रूस-यूक्रेन युद्ध ने करारी चोट पहुंचाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में विदेश मंत्रालय के लिए यह बेहतरीन अवसर है कि वह ऐसी रहगुजर तैयार करे, जो हमें हमारे मकसद तक पहुंचा सके।**

# दिल्ली दुनिया की धुरी बन रही

शशि शेखर

कभी-कभी दुर्लभ संयोगों पर हमारी नजर नहीं पड़ती। ऐसा ही एक विरल संयोग पिछले हफ्ते नई दिल्ली में देखने को मिला, जब एक ही दिन रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और बर्तानिया की विदेश सचिव लिज ट्रस दिल्ली पधारे। ये दोनों इस समय दो हिस्सों में बंटती जा रही दुनिया में अलग-अलग ध्रुवों की नुमाइंदगी करते हैं। परिस्थितियों का तकाजा देखिए, दोनों को अपने-अपने मशवरे और प्रस्ताव लेकर किसी महाकाय कंपनी के ‘सेल्स डायरेक्टर’ की तरह लुटियन्स दिल्ली में आना पड़ा।

बताने की जरूरत नहीं कि यूक्रेन की लंबी खिंचती लड़ाई की वजह से रूस और पश्चिम की तनातनी चरम पर है। ऐसे में, संसार का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत दोनों पक्ष के लिए बेहद महत्वपूर्ण बन गया है। वे किस मसौदे के साथ हिन्दुस्तान आए थे? लावरोव के पास सीधा सपाट प्रस्ताव था- आप हमसे रियायती दर पर तेल, हथियार आदि खरीदिए। पता नहीं कि उन्होंने भारत और रूस के पुराने रिश्तों का वास्ता दिया या नहीं, पर तय है कि भारत-रूस के बीच चर्चा हो और वार्ताकारों के मन में मॉस्को की पुरानी मेहरबानियों का प्रसंग न उभरे, यह संभव ही नहीं। शीतयुद्ध के समय में सोवियत संघ हमारा सबसे बड़ा कूटनीतिक मददगार था। वैसे लावरोव विदेश मंत्री एस जयशंकर के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिले। उन्होंने यहां तक कहा कि रूस को जंग रोकने के लिए भारत की मध्यस्थता मंजूर है।

इसके जवाब में लिज ट्रस के पास क्या था? वही लोकतंत्र और खुशहाली का ख्वाब। इसी सपने के बूते पर तो पश्चिम के देशों ने 9 नवंबर, 1989 को बर्लिन की दीवार गिराने और अगले डेढ़ बरस में सोवियत संघ के टुकड़े करने में सफलता हासिल की थी। वह वक्त इतना कठिन था कि धरतीवासियों को उन पर सहज भरोसा हो गया। साल 1990 में दुनिया की 36 प्रतिशत आबादी बेहद गरीबी में जी रही थी। अगले 25 सालों में यह सिमटकर 10 फीसदी रह गई। माना जाता था कि 2030 तक इस दुनिया में कोई भी ‘अत्यंत निर्धन’ की श्रेणी में नहीं रह जाएगा। तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि कोरोना जैसी महामारी एक दिन इन हसीन सपनों को लील लेगी और पूंजीवाद प्रेरित खुशहाली का लुभावनापन एक जर्जर व्यवस्था का प्रतीक भर बनकर रह जाएगा।

‘यूएनयू वर्ल्ड इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट इकोनॉमिक्स रिसर्च’ का कहना है कि कोविड-19 ने धरती की आठ फीसदी आबादी को फिर से गरीबी के गर्त में धकेल दिया है। इसकी सर्वाधिक मार विकासशील देशों पर पड़ी है। इस वैश्विक संस्था के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में शहरी दुनिया के मुकाबले तीन गुना गरीबी है। अकेले भारत में इस दौरान 23 करोड़ लोगों को पुन: आर्थिक विपन्नता की सबसे निचली सीढ़ी पर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा है। महामारी के दौरान जब पिछड़े और विकासशील मुल्कों के बाशिंदे दम तोड़ रहे थे, तब दुनिया के ये ठेकेदार क्या



कर रहे थे? उन्होंने अपनी जमीन और आकाश बंद कर दिए थे। यही नहीं, उन्होंने एक-दूसरे के लिए भी बेरुखी के जिरहबख्तर धारण कर लिए थे। उस दारूण दौर में लोगों ने अचरज से देखा कि किस तरह ‘ग्लोबल विलेज’ का वादा भुला दिया गया था। पूंजीवादी व्यवस्था के परखच्चे सिर्फ 30 साल में इस तरह पसरते नजर आएंगे, यह कल्पना भी 1990 के दशक में दूभर थी। गरीब दुनिया के साथ निर्मम व्यवहार करने वाले पश्चिम के हुक्मरां उस दौरान कोरोना को ‘चीनी वायरस’ कहकर सारी तोहमत पूरब पर डाल देने की जुगत भी कर रहे थे। इस घृणित अभियान के अगुवा तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप थे। यदि कोरोना न भी आता, तब भी पश्चिम के देश बेपरदा होते जा रहे थे। इराक, अफगानिस्तान, सोमालिया, हैती, यूगोस्लाविया, लीबिया, सीरिया जैसे देश इन तीन दशकों में साम्राज्यवादी शक्तियों के तरह-तरह के हमलों की जद में आकर जन-धन की भारी हानि उठा चुके थे। कुछ देश ऐसे थे, जहां ये मुल्क सीधे हमले नहीं कर सके, तो वहां गृहयुद्ध के बीज बो दिए। इराक जैसे खुशहाल देश इनकी करतूतों से देखते-देखते तबाह हो गए। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट बताती है कि 2021 के मध्य तक दुनिया भर में 8.40 करोड़ लोगों को दर-बदर होना पड़ा था। इस जलावतनी की सबसे बड़ी वजह हमले, गृहयुद्ध अथवा आतंकवाद थे। आक्रामकों अथवा आतंकवादियों के हाथों में हमेशा इन्हीं देशों में बने हथियार होते। कौन इनकी आपूर्ति कर रहा था? इसके पीछे का मकसद क्या था? पीड़ितों के भग्न स्वप्न और कराहटें अमीर देशों की कदम-दर-कदम पोल खोल रही थीं।

यही वजह है कि जब रूस ने सीरिया, क्रीमिया या यूक्रेन पर हमला किया, तो ये देश कुछ नहीं कर सके। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इनके थोथे आश्वासनों के चक्कर में अपने मुल्क की बरबादी का रास्ता हमवार कर बैठे। यूक्रेन से गुजरी 30 मार्च तक 40 लाख लोग दूसरे देशों की ओर पलायन कर चुके हैं। 60 लाख लोगों को तो अपने ही देश के दूसरे हिस्सों में शरण लेने पर मजूबर होना पड़ा है।

अब, जब पश्चिमी देशों के दावों की पोल खुल चुकी है, तब उनकी दादागीरी को सही स्थान दिखाने का अवसर आ चुका है। कोई आश्चर्य नहीं कि 31 मार्च को जब ट्रस ने भारत को नसीहत देने की कोशिश की, तो विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उन्हें करारा जवाब दिया। उन्होंने पश्चिम के दोमुंहे रवैये की पोल खोलते हुए कहा कि सिर्फ मार्च के महीने में यूरोप के देशों ने रूस से पिछले महीने के मुकाबले 15 प्रतिशत अधिक तेल और गैस आयात किया है। इससे पहले जयशंकर चीन के विदेश मंत्री को करारा जवाब देकर जता चुके हैं कि भारत अब किसी के दबाव में आने वाला नहीं है।

यह नया भारत है, इसीलिए जंग शुरू होने के बाद से जापान के प्रधानमंत्री, अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार के ‘डेप्यूटी’, ग्रीस के विदेश मंत्री सहित कई देशों की आला हस्तियां नई दिल्ली आ चुकी हैं। आने वाले दिनों में नॉर्थ ब्लॉक को तमाम और विशिष्ट अतिथियों की अगवानी करनी है। यकीनन, दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। लावरोव का बयान कि हमें यूक्रेन से जंग रोकने में भारत की मध्यस्थता मंजूर है, इस तथ्य की मुनादी करता है। इससे पहले यूक्रेन के विदेश मंत्री प्रधानमंत्री मोदी से गुहार लगा चुके हैं कि सिर्फ आप ही हैं, जो हमारा और रूस का समझौता करा सकते हैं। नरेंद्र मोदी सिर्फ सात साल के कार्यकाल में एक मजबूत विश्व नेता के तौर पर उभरे हैं। हालात भी इस वक्त हिन्दुस्तान के अनुकूल हैं। आज अमेरिका ढलान पर है, तो चीन भी कोविड के बाद से कमजोर हुआ है। पहले से अपने अंतरविरोधों से जूझते यूरोप को रूस-यूक्रेन युद्ध ने करारी चोट पहुंचाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में विदेश मंत्रालय के लिए यह बेहतरीन अवसर है कि वह ऐसी रहगुजर तैयार करे, जो हमें हमारे मकसद तक पहुंचा सके।

# किसी अफसोस के साथ जिंदगी क्या गुजारना


नोअम गेशोनी, पैराओलंपियन

आंखें खुलीं, तो वह बिस्तर पर थे। सब कुछ धुंधला-धुंधला सा दिख रहा था। कमरे की दीवारें, उसमें पसरी रोशनी, उसके परदे, कुछ भी तो जाना-पहचाना नहीं था। नहीं, यह उनका बिस्तर नहीं था। दिमाग पर जब-जब वह जोर डालते, जिस्म के पोर-पोर से उठने वाला असह्य दर्द उन्हें चेतना-शून्य कर देता। कमरे में बीप-बीप की लगातार उठने वाली आवाज ने जल्द ही नोअम गेशोनी को बता दिया कि वह अस्पताल में हैं। उस वक्त उनके मुंह से आवाज भी नहीं निकल पा रही थी और शरीर के लगभग सभी अंग तरह-तरह के तारों से बिंधे हुए थे। आखिर 24 साल के उस नौजवान फौजी के साथ क्या हुआ था?

कई दिनों बाद जब चेतना लौटी, तब घरवालों और दोस्तों ने बताया कि उनका हेलिकॉप्टर एक अन्य हेलिकॉप्टर से टकरा गया था। वह पिछले छह दिनों से बेहोश थे, और उनका सह-पायलट अब इस दुनिया में नहीं है। नोअम की आंखों से आंसू लुढ़क पड़े थे। यह कैसी लाचारी थी, वह अपने दिवंगत साथी के परिजनों को गले भी नहीं लगा सकते! बार-बार उसके कहकहे याद आने लगे थे। मगर नोअम जानते थे कि फौजियों की जिंदगी में ऐसी स्मृतियों का वक्फा लंबा नहीं होता। लेकिन असह्य शारीरिक पीड़ा के बीच अस्पताल में नोअम को अभी काफी दिन गुजारने थे और डॉक्टरों की टीम एक मुफीद वक्त का इंतजार कर रही थी।

और वह दिन भी आया, जब नोअम को बताया गया कि उनके दोनों हाथ, बायां कंधा, कूल्हा, बाईं कोहनी, पसली की कई हड्डियां टूट गई हैं, और बायां पैर लकवाग्रस्त हो चुका है। डॉक्टरों को उनके पूरे शरीर में जगह-जगह प्लेटें लगानी पड़ी थीं। अगले कुछ पल सन्नाटे के थे। उन थोड़े पलों में ही होशमंद उम्र के पिछले सारे साल काफी तेजी से घूम गए। केफर साबा शहर के एक सामान्य इजरायली परिवार में पैदा नोअम का बचपन काफी खुशगवार बीता था। बचपन से ही खेल-कूद में सक्रिय रहे नोअम पढ़ाई-लिखाई में भी काफी अच्छे थे और हमेशा अच्छे दर्जे के साथ आगे बढ़ते गए। इसीलिए अपने मनपसंद फ्लाइट स्कूल से अपाची हेलिकॉप्टर पायलट बनकर वह बाहर निकले, और दूसरे लेबनान युद्ध के दौरान जुलाई 2006 में मुल्क की सेवा करते हुए उनका हेलिकॉप्टर 6,000 फीट की ऊंचाई पर टकराकर गिर गया था।

उस रात जिंदगी ने एक अजीब मोड़ ले ली थी। नोअम के अगले छह महीने



अस्पताल में ही बीते। उन महीनों में कई रातें बिना नींद के बसर हुईं। कुछ सवाल थे, जो उनका पीछा छोड़ ही नहीं रहे थे- अगर यह सब न हुआ होता, तो अभी वह क्या कर रहे होते? आखिर उनके साथ ही यह क्यों हुआ? वह तो बुरे इंसान नहीं थे, फिर उन्हें यह सब क्यों भोगना पड़ रहा है? किसी सवाल का कोई जवाब नहीं मिल पा रहा था और बेचैनी बढ़ती जाती थी। फिर एक दिन दिवंगत सह-पायलट के माता-पिता नोअम से मिलने अस्पताल आए। बेटे को गंवा देने की पीड़ा उनकी आंखों में ठहर सी गई थी, फिर भी वे नोअम को हौसला देने आए थे। उनके जाने के बाद ही नोअम के आत्मालाप के सवाल बदल गए- क्या हुआ होता, अगर उस सीट पर मैं बैठा होता? मेरे माता-पिता को कैसा लगता, यदि उनके बेटे की मौत हुई होती?

उस वक्त तक वह सिर्फ नकारात्मक सवालों से जूझते रहे थे, उनके पास जो कुछ बचा हुआ है, उस तरफ तो ध्यान ही नहीं गया था। और उस रात नोअम ने तय किया कि वह नकारात्मक ख्यालों के जरिये खुद को और ज्यादा तकलीफ नहीं देंगे। लेकिन इस नई स्थिति से कैसे निपटें, इसका कोई रास्ता नहीं सूझ रहा था। वह तो चलने-फिरने के भी काबिल नहीं बचे थे। अपने से कुछ खा-पी भी नहीं सकते थे। लेकिन अब अफसोस में जाया करने के लिए उनके पास वक्त नहीं था। 24 की उम्र में नोअम ने एक नन्हे बच्चे की तरह चलने की कोशिश आरंभ की। बायां पैर तो बेजान हो चुका था, वह उससे कुछ नहीं कर सकते थे, इसलिए दाहिने पैर की ऊर्जा पर फोकस करना शुरू किया।

यह वाकई काफी तकलीफदेह सफर था। वह बार-बार व्हीलचेयर से गिर पड़ते, हड्डियों का दर्द अक्सर उभर आता, लेकिन आहिस्ता-आहिस्ता नोअम गेशोनी अपनी सीमाओं को शिकस्त देने में कामयाब होने लगे। और ढाई साल के बाद ही वह न सिर्फ अपने पैरों पर खड़े हो सकते थे, बल्कि चलने-फिरने भी लगे। वर्तमान के मोर्चे पर तो नोअम ने फतह हासिल कर ली थी, पर सवाल अब भविष्य का था। वह ‘रिहैबिटेशन सेंटर’ पहुंचे, जहां उन्हें ऐसे कई सारे लोगों से मिलने, उनके बारे में जानने का मौका मिला, जो गंभीर चोटों व मानसिक यंत्रणा के दौर से निकलकर सहज जिंदगी की तरफ लौट आए थे। कभी न पूरा हो सकने वाले शारीरिक नुकसान के बावजूद उनके भीतर की सकारात्मक ऊर्जा ने नोअम पर जादुई असर डाला- शारीरिक कमियों के बावजूद एक खुशहाल जिंदगी जरूर गुजारी जा सकती है।

उन्होंने अपनी रुचि के नए-पुराने कई कामों पर विचार किया और अंतत: व्हीलचेयर टेनिस को अपने लिए चुना। शुरू-शुरू में थोड़ी हिचक हुई कि शायद न खेल पाएं, लेकिन फिर दिमाग ने कहा- किसी अफसोस के साथ क्या जीना? नोअम ने कोशिश शुरू कर दी। शुरू-शुरू में वह गिरे, चोटिल भी हुए, लेकिन उस हादसे के छह साल बाद लंदन पैराओलंपिक में वह इजरायल की नुमाइंदगी कर रहे थे। वहां नोअम ने एकल प्रतिस्पर्द्धा में स्वर्ण और युगल प्रतिस्पर्द्धा में कांस्य पदक जीता। अब दुनिया भर से उन्हें व्याख्यानों के लिए बुलावा आता है, नोअम घूम-घूमकर लोगों को प्रेरित करते हैं। इन दिनों वह इजरायल के दिव्यांग बच्चों को टेनिस सिखाने के साथ-साथ गरीब बच्चों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# विपक्ष में नेता का गंभीर संकट

हरिशंकर व्यास

पहली बार ऐसा हो रहा है कि भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करने की जरूरत बताई जा रही है और इस काम को अंजाम देने वाला कोई नेता नहीं दिख रहा है। इससे पहले गैर कांग्रेसी मोर्चे बनते थे। कांग्रेस के खिलाफ विपक्ष को एकजुट किया जाता था। दिलचस्प यह है कि जितनी बार कांग्रेस के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करने का प्रयास किया गया उतनी बार कामयाबी मिली। हर बार कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा बनाने के लिए कुछ नेता आगे आ जाते थे और उनकी पहल पर बाकी पार्टियां एकजुट हो जाती थीं। कम से कम तीन मौके ऐसे हैं, जब कांग्रेस उस समय के लिहाज से अपनी सत्ता के चरम पर थी और विपक्ष ने एकजुट होकर उसे हरा दिया।

सबसे पहले 1977 में जब जयप्रकाश नारायण ने नेतृत्व किया और विपक्ष एकजुट हुआ। उस समय तो विपक्ष की सभी पार्टियों ने अपना अस्तित्व खत्म करके खुद को जनता पार्टी में विलीन कर लिया, जिसके बारे में अटल बिहारी वाजपेयी कहते थे कि सबने अपुनी अपनी नौकाएं जला दीं और जनता पार्टी के जहाज पर सवार हो गए। उसके बाद 1989 में वीपी सिंह आए। तब भी वीपी सिंह, चंद्रशेखर और देवीलाल जैसे नेताओं की पहल पर लगभग पूरा विपक्ष एक हो गया। जो चुनाव से पहले साथ नहीं आए वे चुनाव के बाद साथ आ गए। वीपी सिंह की सरकार भाजपा और लेफ्ट दोनों ने मिल कर चलाई। उसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी की कमान में एनडीए बना तब भी 25 पार्टियों ने साथ आकर कांग्रेस को सत्ता से दूर रखा। नरेंद्र मोदी की कमान में भाजपा की पहली लड़ाई में भी पुराने एनडीए की ज्यादातर पार्टियां साथ में थीं।

सोचें, तब सारे नेता दिग्गज थे, राजनीति के मंजे हुए खिलाड़ी थे, अखिल भारतीय पहचान वाले थे, राजनीतिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध थे और मोटे तौर पर ईमानदार थे। आज की पीढ़ी के नेताओं में इन गुणों का नितांत अभाव है और इसके बावजूद वे एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। क्या यह नेता की कमी के कारण नहीं हो रहा है? जेपी, मोरारजी की बात छोड़ें तो आज अटल बिहारी वाजपेयी या लालकृष्ण आडवाणी भी कहां हैं? क्या विपक्ष में कोई नेता ऐसा दिख रहा है जो वाजपेयी-आडवाणी की तरह गैर कांग्रेसवाद की धुरी बने और सभी पार्टियों को साथ लाए? जॉर्ज फर्नांडीज या शरद यादव की तरह सभी पार्टियों से बात करके मोर्चा बनाने वाला नेता भी कहां दिख रहा है। ज्योति बसु और चंद्रबाबू नायडू की तरह स्वीकार्यता वाला नेता भी कोई नहीं दिख रहा है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239
























commerceguru.in
Worry for XII Board exams??
Join Commerce Guru
COMMERCE GURU
17, Gourav path, Sunder nagar, Bhilai 9644454810

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा में प्रधानमंत्री व तीनों सेना के नाम पर जलाई गई जोत

**दंतेवाड़ा।** जिले के शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्र में इस बार पहली बार दंतेश्वरी मंदिर में जल, थल, नभ तीनों सेना के नाम की जोत भी प्रज्वलित की गई है, इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वाशिंगटन के एक भक्त की भी जोत जलाई गई। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना करने और मां के दर्शन करने के लिए दंतेश्वरी मंदिर पंहुचने लगे। इस बार दंतेश्वरी मंदिर में नए प्रसाद महुआ लड्डू की व्यवस्था शुरू की गई है, महुआ लड्डू का प्रसाद मंदिर में मिलेगा, लेकिन इस प्रसाद के लिए भक्तों को शुल्क चुकाना होगा, वैसे महुआ लड्डू का प्रसाद लेना स्वेक्षिक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार औषधियगुणों से भरपूर महुआ की उपलब्धता स्थानिय स्तर में अधिक पाया जाता है, इसका प्रसाद बनने में उपयोग किये जाने से जिले को नई पहचान भी मिलेगी। चार लड्डूओं का पैकेट जिसकी कीमत 40 रुपये रखी गई है। वहीं एक लडडू 10 रुपये में मिलेगा, 100 ग्राम का होगा पैकेट, वन विभाग द्वारा मंहुआ लड्डू के पैकेट तैयार करवाए जा रहे। तुड़पारास की स्व सहायता समूह की महिलाओं को पूजन थाल सजाने का दायित्व भी सौंपा गया है, जो महुआ लड्डू के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। इस थाल में नारियल, फूलमाला शामिल रहा, इससे महिला समूहों की आमदनी भी बढ़ेगी। दंतेवाड़ा कलेक्टर दीपक सोनी दंतेश्वरी मंदिर पंहुचकर दर्शन उपरांत चैत्र नवरात्रि की तैयारियों का जायजा लिया, मंदिर परिसर का अवलोकन कर आने वाले आगामी दिनों में होने वाले आयोजनों को देखते हुए भक्तों के सुविधा अनुसार व्यवस्था के निर्देश दिए गए, कलेक्टर ने कहा सभी को सुविधाजनक ढंग से मंदिर में दर्शन प्राप्त हो। वाहन,पार्किंग, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा मुहैया करने के निर्देश भी दिए गये हैं।

# देवस्थल आस्था के केंद्र के साथ-साथ सांस्कृतिक गौरव : भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में कदम-कदम पर स्थापित अनेकों शक्तिपीठों और मंदिरों कों आस्था का केंद्र के साथ सांस्कृतिक गौरव बताया। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग के सातों जिलों के गांव-गांव में ऐसे अत्यंत प्राचीन मंदिर, प्राचीन प्रतिमाएं और प्राचीन परंपराएं बिखरी पड़ी है। इन प्राचीन वैभव को हमारे सिरहा, गुनिया, बैगा लोगों ने सहेज कर रखा है। वे सही मायने में हमारे सांस्कृतिक दूत हैं। उन्हीं के माध्यम से पुरखों का ज्ञान पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ रहा है।



बस्तर की संस्कृति को सहेजना और संवारना है तो हमें सिरहा-गुनिया-बैगा-मांझी के ज्ञान को सहेजना होगा। गांव में देवस्थलों से जुड़े आठ पहरिया और बाजा मोहरिया की परंपराओं का संरक्षण करना जरूरी है। मुख्यमंत्री श्री बघेल आज बस्तर विकासखण्ड मुख्यालय के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित सिरहा गुनिया सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बस्तर संभाग के कुछ जिलों की तहसीलों का क्षेत्र व्यापक होने के कारण दूरस्थ क्षेत्र के निवासियों को जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र प्राप्त करने तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण के मामले में असुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बस्तर जिले की बकावंड तहसील को राजस्व अनुविभाग, सुकमा जिले की छिन्दगढ़ तहसील को राजस्व अनुविभाग और बीजापुर जिले की आवापल्ली तहसील को राजस्व अनुविभाग तथा करपावंड को तहसील बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में जिला मुख्यालय सुकमा में शहीद गुण्डाधुर जी की प्रतिमा स्थापित करने, जिला दंतेवाड़ा के नवीन शासकीय महाविद्यालय कुआकोण्डा का नामकरण शहीद कवासी रोड़ापेदा के नाम से करने और जिला सुकमा के नवीन शासकीय महाविद्यालय तोंगपाल का नामकरण शहीद डेबरीधुर के नाम पर करने की घोषणा की। उन्होंने बकावंड में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की भी मंजूरी दी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लगभग 104 करोड़ रुपए के 31 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

साथ ही बस्तर और बकावंड विकासखण्ड के 151 जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने पर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत बस्तर के 11 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा, सांसद दीपक बैज, बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम, विक्रम मंडावी, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, ऊर्जा विकास बोर्ड के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एमआर निषाद सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में सिरहा-गुनिया व ग्रामीण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि इस वर्ष शासन ने बजट में देवगुड़ियों की सेवा करने वाले बैगा, गुनिया, मांझी और देवस्थल के आठ पहरिया तथा बाजा मोहरिया को राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत लाभ देने की घोषणा की गई है। इस योजना के अंतर्गत उन्हें 07 हजार रूपए की सालाना सहायता दी जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा देवगुड़ियों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। संभाग में लगभग चार हजार से अधिक देवगुड़ी हैं, जिनमें 2115 देवगुड़ियों के विकास हेतु कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 1261 देवगुड़ियों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसके लिए लगभग 11 करोड़ 46 लाख रुपए से अधिक राशि खर्च की गई है। इस वित्तीय वर्ष में 10 करोड़ 98 लाख रुपए से अधिक का प्रावधान रखा गया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्य रखने के साथ ही इसे विकास की राह में आगे बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निरतंर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में किसानों के जीवन में बदलाव लाने वाली राजीव गांधी किसान न्याय योजना का दायरा बढ़ाते हुए कोदो-कुटकी एवं रागी का न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करने का प्रावधान किया गया। बस्तर में खेल-कूद को बढ़ावा देने के लिए शहीद गुंडाधुर तीरंदाजी अकादमी की शुरूआत की गई है।

# मुख्यमंत्री बघेल ने किया नेहरु स्मृति उद्यान का लोकार्पण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान यहां जगदलपुर में लालबाग के निकट नेहरु स्मृति उद्यान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री श्री जवाहर लाल नेहरु की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। उल्लेखनीय है कि नेहरू मेमोरियल पार्क का निर्माण उस स्थल पर किया गया है जहां स्थित मंच से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तृतीय राष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन को संबोधित किया था। 13 से 15 मार्च 1955 को आयोजित तीन दिवसीय इस सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर पंडित नेहरू यहां आए थे। लालबाग मैदान के सामने सड़क के दूसरे छोर में नक्षत्र वाटिका के समीप नेहरू मेमोरियल का निर्माण किया गया है। लगभग पौन एकड़ क्षेत्र में विस्तारित मेमोरियल पार्क में पंडित नेहरू की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां लगाए गए पांच पत्थरों में नेहरू के जीवन से संबंधित जानकारी दी गई है। इस परिसर को लगभग एक करोड़ 50 लाख की लागत से जीर्णोद्धार किया गया है ।

मुख्यमंत्री श्री बघेल को परिसर की पूरी जानकारी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल की कक्षा 11वीं में अध्ययनरत आकांक्षा कुमारी ने दी।

उसी स्कूल की छात्रा जेनीफर एक्का ने पंडित नेहरू की लिखी किताब विश्व इतिहास की झलक भेंट में दी। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, सांसद दीपक बैज, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप, अक्षय ऊर्जा विकास बोर्ड के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एमआर निषाद, महापौर सफीरा साहू, नगर निगम सभापति श्रीमती कविता साहू सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# गौठान में सामग्री निर्माण से लेकर इसके वैल्यू एडिशन और बेचने तक की बनाई पुख्ता व्यवस्था : मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमने गौठान को ग्रामीण आजीविका केंद्र के रूप में स्थापित किया है। यहां पर हमने उन सारे स्थानीय उत्पादों का उत्पादन पुनः आरंभ किया है जिसे परंपरागत रूप से लोग निर्मित करते रहे थे लेकिन अब इसे छोड़ दिया था। केवल उत्पादन ही नहीं किया जा रहा, हम इनके मूल्य वर्धन के लिए भी कार्य कर रहे हैं इसके साथ ही इसके विक्रय के लिए सीमार्ट के माध्यम से पुख्ता व्यवस्था भी की गई है।



वे आज दुर्ग जिले की पाटन तहसील के अचानकपुर गांव में आयोजित पाटन राज-धोबी समाज के वार्षिक सामाजिक कार्यक्रम को सम्बोधिम कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भन्सुली, सुरपा में सांस्कृतिक भवनों की घोषणा की तथा अचानकपुर में सामुदायिक भवन के बाउंड्री वाल निर्माण तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में नवरात्र पर्व की बधाई देते हुए कहा कि आज हिंदू नव वर्ष की शुरुआत है। आज के दिन देशभर में महत्वपूर्ण महोत्सव मनाए जाते हैं और आज के शुभ दिन में आपके बीच आकर मैं बहुत खुशी का अनुभव कर रहा हूं। छत्तीसगढ़ के लोगों की देवी पर श्रद्धा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र के मौके पर श्रद्धालुओं में जो अपार श्रद्धा देवी के प्रति प्रगट होती है उसे देख कर मन हर्षित हो जाता है। डोंगरगढ़ में महामाया में दंतेवाड़ा में विराजित देवियों के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं पदयात्रा करते हुए आते हैं। इनकी अपार श्रद्धा देखकर बहुत अच्छा लगता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी कोशिश यही है कि हम अपनी सांस्कृतिक पहचान को सहेज कर रख सकें। हमारी सांस्कृतिक पहचान में ही हमारी आर्थिक प्रगति निहित है। गांव में अनेक परंपरागत व्यवसाय प्रचलित थे। इनमें से अधिकांश का चलन समाप्त हो गया। गौठान के माध्यम से इन्हें आजीविका केंद्र के रूप में स्थापित कर हमने इन्हें पुनः आरंभ किया है।

इन्हें ब्रांड के रूप में आकर्षक पैकेजिंग के माध्यम से हम विक्रय कर रहे हैं। पुराने समय में घरों में लीपने के लिए गोबर काम आता था। अब हम गोबर से पेंट बना रहे हैं। पहले बिजली का उत्पादन केवल उद्योगपति या सरकार ही कर पाती थीं लेकिन अब ग्रामीण महिलाएं भी गोबर के माध्यम से बिजली का उत्पादन कर रही हैं। तकनीकी नवाचार की दिशा में हमारी सरकार पुख्ता काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्ग के लोगों के हितों की चिंता सरकार को है। किसानों के लिए राजीव गांधी न्याय योजना के माध्यम से आर्थिक समृद्धि की राह हमने खोली। इसके साथ ही भूमिहीन मजदूरों के लिए भी योजना आरंभ की। उन्होंने कहा कि इससे साढ़े तीन लाख भूमिहीन लोगों को लाभ मिल रहा है पहले इसके अंतर्गत 6 हजार रुपये दिए जाते थे अब यह राशि बढ़कर 7 हजार हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना पुनः आरंभ की गई है। सरकारी कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति भविष्य के प्रति बहुत आशंकित थे। सरकार के इस बड़े निर्णय से उनकी आशंका दूर हुई है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि कोरोना की लहर के कमजोर होने के बाद पुनः सामाजिक आयोजन आरंभ हुए हैं और मैं लगातार इन सामाजिक आयोजनों में हिस्सा ले रहा हूं। सामाजिक जनों के बीच जाना मुझे बहुत अच्छा लगता है और उनसे सुख-दुख साझा कर मन को बहुत खुशी होती है। छत्तीसगढ़ में सामाजिक संगठन जन जागरूकता के लिए और प्रदेश को आगे ले जाने के लिए सक्रियता से काम कर रहे हैं। सरकार इस कार्य में उनकी हर संभव मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर समाज की मांग पर सुरपा और भन्सुली में सांस्कृतिक भवन निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही अचानकपुर में सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष और बाउंड्री वाल के निर्माण संबंधी घोषणा भी उन्होंने की।

# उदयपुर बना जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतिगोगिता का विजेता

### रामगढ़ में बही राम रस की धारा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अम्बिकापुर।** जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता में उदयपुर की शारदा महिला मंडल रामायण मंडली ने निर्णयकों की कसौटी पर खरा उतरते हुए विजेता मंडली बना। जिला स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता का आयोजन आदि महाकवि कालिदास की रचना स्थली उदयपुर के रामगढ़ में शनिवार को हुआ। अतिथियों द्वारा विजेता मंडली को 50 हजार रुपये का चेक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही शेष मंडली को जिला प्रशासन की ओर से प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रत्येक मंडली को 5-5 हजार रुपये का चेक व प्रशस्ति पत्र प्रदान की गई। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 6 विकासखंडों के विजेता मंडली ने भाग लिए। रामायण मंडलियों के द्वारा मानस गायन कर रामगढ़ में राम रस की धारा बहाई। जिला स्तर पर विजेता टीम जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप स्थानीय कला-संस्कृति को जीवंत बनाये रखने के लिए रामायण मंडली प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत यह प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गांव में गैर पेशेवर लोग अपने रुचि के अनुसार वादन, गायन एवं व्यास में भाग लेते है। इस आयोजन से गांव के हुनर को राज्य स्तर पर पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा निर्णायक मंडल उत्कृष्ट मंडली को विजेता घोषित करें ताकि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी वही विजेता बने। प्रतियोगिता के नियमानुसार जिला स्तर पर केवल एक विजेता को ही पुरस्कार राशि देने का प्रावधान है लेकिन रामायण मंडलियों के प्रोत्साहन के लिए शेष मंडलियों को भी जिला प्रशासन की ओर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रामगढ़ का यह स्थान धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व का है। इसे दंडकारण्य के नाम से भी जाना जाता है। राज्य शासन ने रामगढ़ को राम वन गमन परिपथ में महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में शामिल किया है।

प्रतियोगिता में विजेता टीम चयन के लिए प्रत्येक टीम के लिए 100-100 अंक निर्धारित किया गया था। निर्णायक मंडल द्वारा भाग लेने वाले मंडलियों से रामचरितमानस संबंधी सवाल भी पूछे गए। निर्णायक मंडल में आचार्य दिनेश मिश्र, भरत राजवाड़े, जयप्रकाश सिन्हा, केतन ठाकुर, राघवेंद्र राजवाड़े शामिल थे।

### निर्वाचक नामावली तैयार करने की प्रक्रिया 5 से शुरू होगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने इस वर्ष विभिन्न नगरीय निकायों के रिक्त पदों के लिए आयोजित होने वाले नगर पालिका आम निर्वाचन एवं उप निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्यक्रम निर्धारित किया है। इसके अनुसार पहले चरण में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति 5 अप्रैल 2022 तक की जाएगी। प्रारंभिक प्रारूप निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कर्मचारियों का चयन एवं उनकी नियुक्ति 6 अप्रैल तक कर ली जाएगी। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा प्राधिकृत अधिकारियों का प्रशिक्षण 8 अप्रैल 2022 तक कर लिया जाएगा।

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel, Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI[th] XII[th] B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अनुशंसा पर 46 लाख 36 हजार के विकास कार्य स्वीकृत



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन, विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की अनुशंसा पर छग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण (पूंजीगत) मद से आरंग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में 46 लाख 36 हजार रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। जिसमें ग्राम बोडरा के मुस्लिम पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये 05 लाख रुपये, ग्राम नकटा के प्राथमिक शाला भवन में अहाता निर्माण के लिये 05 लाख रुपये, ग्राम बोरिद के आरंग खार में पुलिया निर्माण के लिये 03 लाख 66 हजार रुपये, ग्राम पिरदा के मिडिल स्कूल में मैदान समतलीकरण के लिये 05 लाख रुपये, फरफौद में कामता चन्द्राकर के घर से सियाराम साहू के घर तक सीसी रोड़ निर्माण के लिये 05 लाख रुपये, कुटेला में प्राथमिक शाला भवन में शेड निर्माण के लिये 06 लाख रुपये, ग्राम बाहनाकाड़ी के मसीही पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये 06 लाख 50 हजार रुपये, ग्राम तुलसी में स्कूल गेट से विष्णु गिरी के घर तक सीसी रोड़ निर्माण के लिये 02 लाख 60 हजार रुपये एवं मनसुख के घर से जितेंद्र घर तक सीसी रोड़ निर्माण के लिये 02 लाख 60 हजार रुपये, ग्राम खुटेरी में स्कूल मार्ग से यतीम खाना तक सीसी रोड़ निर्माण के लिये 05 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। उक्त निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिलने पर जनपद अध्यक्ष खिलेश्वर देवांगन, उपाध्यक्ष हेमलता डूमेन्द्र साहू, जनपद सदस्य वतन चन्द्राकर, संजय चेलक, यादराम साहू, हृदयलाल जांगड़े, पवन चन्द्राकर सरपंच कुटेला, बली चन्द्राकर सरपंच बोडरा, परदेशी ध्रुव सरपंच पिरदा, अशोक बंजारे सरपंच बाहनाकाड़ी, लेखराम साहू सरपंच पिरदा, मनीराम आडील सरपंच फरफौद, गौतम सरपंच बोरिद सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है तथा मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के प्रति आभार भी व्यक्त किया है।

### कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 97.28 लाख मीटरिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** राज्य में कस्टम मिलिंग के लिए एक अप्रैल तक 97.28 लाख मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। छत्तीसगढ़ द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक केन्द्रीय पूल में 33.78 लाख मीटरिक टन चावल जमा कराया जा चुका है, जिसमें भारतीय खाद्य निगम में 17.90 लाख मीटरिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 15.88 लाख मीटरिक टन चावल शामिल है।

खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही उठाव एवं कस्टम मिलिंग का काम तेजी शुरू कर दिया गया था। राज्य में अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 97.28 लाख मीटरिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। श्री वर्मा ने बताया कि 75 लाख 03 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 74 लाख 37 हजार मीटरिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 23 लाख 9 हजार मीटरिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध समितियों से 22 लाख 90 हजार मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा कराया जाना है। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में पंजीकृत 21 लाख 77 हजार किसानों से समर्थन मूल्य पर लगभग 98 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी की एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत लगभग 20 हजार करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रदेश के 1 लाख 24 हजार अर्थात् 6 प्रतिशत अधिक किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया।

# रेरा के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करें : विवेक ढांड

**रियल एस्टेट प्रमोटर्स, आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियर्स की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के अध्यक्ष विवेक ढांड की अध्यक्षता में सर्किट हॉउस में छत्तीसगढ़ रेरा के प्रावधानों के सफल संचालन हेतु रियल एस्टेट प्रमोटर्स, आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियर्स की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी।




रेरा के अध्यक्ष विवेक ढांड ने कहा कि रेरा ने विगत चार वर्षों में 1433 शिकायतों व प्रकरणों का निराकरण किया है। प्राधिकरण द्वारा इस अवधि में 1394 प्रोजेक्ट्स एवं 650 एजेन्ट्स भी पंजीकृत किये गये हैं। श्री ढांड ने प्रमोटर्स से रेरा विनिर्दिष्ट खाते संबंधी प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया। वर्कशॉप में रियल एस्टेट प्रमोटर्स, आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियर्स की ओर से प्राप्त समस्याओं एवं सुझावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला में रेरा के सदस्य आर.के. टाम्टा, छत्तीसगढ़ रेरा न्याय निर्णायक अधिकारी दीपा कटारे, रजिस्ट्रार छत्तीसगढ़ रेरा डॉ. अनुप्रिया मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी सूडा आशीष टिकरिहा, अपर संचालक नगर तथा ग्राम निवेश संदीप बागड़े, दुर्ग, राजनांदगावं एवं जगदलपुर के संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश उपस्थित थे। क्रेडाई की ओर से पंकज लाहोटी, उपाध्यक्ष संजय रहेजा सहित अन्य जिलो के क्रेडाई सदस्य, प्रमोटर्स, आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियर्स भी कार्यशाला में शामिल हुए।

### बिलासपुर में कार्यशाला 23 अप्रैल को

रेरा द्वारा बिलासपुर में 23 अप्रैल शनिवार को कार्यशाला का आयोजन प्रस्तावित है। रजिस्ट्रार रेरा द्वारा इस कार्यशाला में अधिक से अधिक प्रमोट्र्स, आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियर्स की उपस्थिति रहने का आग्रह किया है।

## जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड का ई-वेस्ट और डिस्पोसल ड्राइव अभियान शुरू

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर मैक यूनाइटेड ने मैक आइक्यूएसी सेल के सहयोग से मैक परिसर में इ-वेस्ट कलेक्शन कार्यक्रम शुरू किया। इस आयोजन में कालेज के छात्र पुराने इयरफोन, चार्जर, बैटरी, तार और केबल पुराने मोबाइल फोन, लैपटाप आदि छात्रों और संकायों से सभी प्रकार के इ-कचरा एकत्र कर रहे हैं। ई-वेस्ट एक ऐसा शब्द है जिसका उपयोग सभी प्रकार के विघुत और इलेक्ट्रानिक उपकरण और उसके भागों को कवर करने के लिए किया जाता है जिन्हें उपयोगकर्ता द्वारा पुन: उपयोग के इरादे के बिना कचरे के रूप में त्याग दिया गया है। इ-वेस्ट के प्रबंधन के लिए री-यूज़ रिसाइकल के मंत्र को लागू किया जाना चाहिए। एक शोध के अनुसार सभी इ-कचरे से किसी न किसी प्रकार का रेडिएशन निकलता है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है इसलिए इसका डिस्पोजल और रिसाइकलिंग बहुत महत्वपूर्ण है। तो इसके उचित रिसाइकलिंग के लिए जेसीआइ रायपुर मैक यूनाइटेड के सदस्यों ने यह इ-कचरा कलेक्शन अभियान शुरू किया। इन इ कचरे को पेरी जॉनसन रजिस्ट्रार इंक को सौंप दिया जाएगा। वे उपयोगी इलेक्ट्रोनिक कचरे को जरूरतमंदों को बाटेंगे और जो इलेक्ट्रोनिक चीजे अनुपयोगी है उससे रिसाइकिल कर बाकी का निपटारा कर दिया जाएगा। पूरे आयोजन की शुरुआत अध्यक्ष राजेश अग्रवाल और प्रिंसिपल ज्योति जनस्वामी के मार्गदर्शन में हुइ है। इस कार्यक्रम के कार्यक्रम निदेशक जेसी उमंग नायक हैं। परिक्षेत्र रामनगर साहू समाज की विगत दिनों बैठक हुई। बैठक में पदाधिकारियों ने हर साल की तरह सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन आठ मई को करने का निर्णय लिया है। सामूहिक आदर्श विवाह के लिए पंजीयन शुरू हो गई है। बैठक में अध्यक्ष कमल नारायण साहू, डा. रामजी साहू, गोपी साहू, खेममलाल साहू, राजकुमारी साहू, दानीराम साहू, ममता साहू, माखन लाल साहू, राकेश साहू, आत्मा राम साहू, चंदू साहू, छत्रपाल साहू, प्रीत राम साहू आदि उपस्थित रहे।

# नि:शक्तों का सहारा बन रही छत्तीसगढ़ सरकार

**समाज कल्याण विभाग के माध्यम से राहत पहुंचाने की जा रही पहल**

**समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए किया जा रहा काम**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार लगातार अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। राज्य के नि:शक्तों के लिए सरकार सहारा बन रही है। इसके लिए समाज कल्याण विभाग के माध्यम से राहत पहुंचाने का प्रयास हो रहा है। फिर चाहे वह बुजुर्ग हों, दिव्यांग हों या भिक्षुक अथवा तृतीय लिंग के समुदाय के लोग हों। हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाओं पर काम हो रहा है। गौरतलब है कि वर्तमान सरकार ने राज्य में नई पहल करते हुए तृतीय लिंग समुदाय के लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकारी नौकरियों में उन्हें अवसर देने की शुरुआत की। पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के दौरान वर्ष 2021-22 में 13 तृतीय लिंग (उभय लिंगी) समुदाय के व्यक्तियों की नियुक्ति राज्य पुलिस सेवा में की गई। इसके साथ ही उभय लिंगी व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए आश्रय सह पुनर्वास केन्द्र संचालन को स्वीकृति प्रदान की गई है। देश में इस प्रकार का यह पहला केन्द्र है, जो उभय लिंगी व्यक्तियों के लिए स्थापित किया जा रहा है। दूसरी ओर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का निराकरण टेलीफोनिक माध्यम से किया जा रहा है।

राज्य सरकार ने दिव्यांग व्यक्ति अधिकार अधिनियम-2016 के प्रावधानों के अनुसार दिव्यांग व्यक्तियों को पुनर्वास सेवाएं एवं संसाधन उपलब्ध कराने के लिए अत्याधुनिक पुनर्वास केन्द्र स्थापित करने का निर्णय किया गया है। इस कड़ी में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, अंबिकापुर एवं जगदलपुर में कुल पांच भवनों का निर्माण किया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए वर्ष 2022-23 में 100 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। इधर विभागीय गतिविधियों के सुचारू संचालन एवं अतिसंवेदनशील हितग्राहियों को एक ही परिसर में सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवा रायपुर अटल नगर में राज्यस्तरीय कार्यालय स्थापित करने के लिए दो एकड़ भूखण्ड पर बाधारहित भवन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में पांच करोड़ रुपये का बजट प्रावधान प्रस्तावित है।

### बुजुर्गों के लिए देखभाल गृह

वृद्धावस्था के कारण गंभीर बीमारी जैसे डेमेन्शिया या बिस्तर पर निष्क्रिय अवस्था में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सकीय सुविधा तथा देख-रेख के लिए प्रशासक देखरेख गृह की स्थापना दुर्ग, कबीरधाम एवं बालोद जिले में की गई। यहां वर्तमान में 44 हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं।

### आस्था के अनुरूप तीर्थयात्रा के लिए बजट

छत्तीसगढ़ सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग व्यक्तियों को उनकी आस्था के अनुसार तीर्थयात्रा कराने का इंतजाम किया हुआ है। इसके के लिए वर्ष 2022-23 के लिए 40 करोड़ रुपये का बजट भी प्रस्तावित किया है।

## छत्तीसगढ़ फारेन मेडिकल ग्रेजुएट डाक्टर्स एसोसिएशन ने डीएमई पर लगाए भेदभाव का आरोप

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फारेन मेडिकल ग्रेजुएट डाक्टर एसोसिएशन ने चिकित्सा शिक्षा विभाग पर भेदभाव का आरोप लगाया है। एसोसिएशन के अनुसार विदेश से मेडिकल की पढ़ाई पूर्ण कर एफएमसीजी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भी प्रदेश में इंटर्नशिप के लिए मेडिकल कालेजों में एक लाख रुपए जमा कराए जा रहे हैं। वहीं अन्य मेडिकल के छात्रों की तरह शिष्यावृत्ति भी नहीं दी जा रही है। जबकि मेडिकल काउंससिल ऑफ इंडिया गाइड लाइन के अनुसार विदेश से मेडिकल की पढ़ाई पूरा करने के बाद पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले इंटर्नशिप के छात्रों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। वहीं शिष्यावृत्ति दिया जाना है। बाजवूद चिकित्सा शिक्षा विभाग इंटर्नशिप के लिए शुल्क ले रहा है। वहीं शिष्यावृत्ति भी नहीं दी जा रही है।

राज्य में कई छात्र मेडिकल कालेज में इंटर्नशिप कर रहे हैं। ऐसे में चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा विदेश से मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों के साथ भेदभाव गलत है। एसोसिएशन ने प्रतिमाह शिष्यावृत्ति देने और इंटर्नशिप शुल्क को बंद करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव और चिकित्सा शिक्षा विभाग के संचालक को पत्र भी लिखा है।

एसोसिएशन ने बताया कि राज्य से हर साल 200 से अधिक छात्र मेडिकल की पढ़ाई करने विदेश जाते हैं। इतने ही छात्र मेडिकल की पढ़ाई पूरा कर विदेश से लौटते हैं। आने के बाद केंद्रीय व्यवस्था के तहत पात्रता परीक्षा पूरा कर प्रैक्टिस शुरू करते हैं। बावजूद राज्य में इस तरह के भेदभाव से मेडिकल के छात्रों को अलग थलक किया जा रहा है। जो मुख्य चिकित्सा व्यवस्था में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।

विदेश से पढ़कर आने के बाद मेडिकल के छात्र पात्रता परीक्षा देते हैं। इसके बाद ही उन्हें प्रैक्टिस की अनुमति मिलती है। इंटर्नशिप के लिए एक लाख रुपये लेना व शिष्यावृत्ति ना देना यह भेदभाव है। समान व्यवस्था लागू करने हमने चिकित्सा शिक्षा विभाग को पत्र लिखा है।

**-डा. विनय वर्मा, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ फारेन मेडिकल ग्रेजुएट डाक्टर एसोसिएशन**

# चिटफंड कंपनी बीएनपी इंडिया इंश्योरेंस एण्ड इन्वेस्टमेंट इंडिया लिमिटेड की संपत्ति होगी कुर्क

**जिला दण्डाधिकारी सौरभ कुमार ने जारी किया अंत:कालीन आदेश**

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** चिटफंड कंपनी बीएनपी इंडिया इंश्योरेंस एण्ड इन्वेस्टमेंट इंडिया लिमिटेड की संपत्ति जल्द ही कुर्क की जाएगी। जिला दण्डाधिकारी और कलेक्टर सौरभ कुमार ने इस संबंध में अंत:कालीन आदेश भी जारी कर दिया है। चिटफंड कंपनी की रायपुर जिले के अभनपुर तहसील के ग्राम छछानपैरी स्थित भूमि और रायपुर शहर के टिकरापारा में स्थित साढ़े 12 हजार वर्गफीट हाल को कुर्क किया जाएगा। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी अंत:कालीन आदेश को आत्यंतिक करने प्रकरण विशेष न्यायधीश जिला न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

जिला दण्डाधिकारी न्यायालय से पारित आदेश के अनुसार चिटफंड कंपनी बीएनपी इंडिया इंश्योरेंस एण्ड इन्वेस्टमेंट इंडिया लिमिटेड की संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितो का संरक्षण अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत की जाएगी। इस प्रकरण में कंपनी के डायरेक्टर राघवेन्द्र सिंह नरवरिया और दयानंद लोधी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है साथ ही प्रकरण में पांच अन्य आरोपी फरार घोषित किए गए है जिनकी पतासाजी पुलिस द्वारा की जा रही है। इन सभी के विरूद्ध निवेशकों द्वारा शिकायत किए जाने पर गरियाबंद जिले के इंदा गांव थाने में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

प्रकरण में पुलिस विवेचना के बाद मिले प्रतिवेदन, दस्तावेज साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का सूक्ष्म अध्ययन किया गया है। चिटफंड कंपनी बीएनपी इंडिया इंश्योरेंस एण्ड इन्वेस्टमेंट इंडिया लिमिटेड के संचालकों द्वारा आम जनता को अपनी कंपनी की लोक लुभावनी योजना बताकर लोगों से रूपये जमा कर धोखाधड़ी की गई है। निवेशकों को कंपनी और संचालकों द्वारा अधिक ब्याज देने, कम समय में धन दुगुना करने का झांसा देकर निवेशकों की जमा राशि वापस नहीं करते हुए बेईमानी पूर्वक गमन किया गया है और इस राशि से अन्य स्थानों पर संपत्ति क्रय की गई है। रायपुर जिले के अभनपुर तहसील में ग्राम छछानपैरी में 9.14 हेक्टेयर जमीन और रायपुर शहर के टिकरापारा में साढ़े 12 हजार वर्ग फीट से अधिक सुपर बिल्डअप क्षेत्रफल के हॉल की पहचान कंपनी के संपत्ति के रूप में की गई है। निक्षेपकों से प्राप्त धनराशि से यह संपत्ति खरीदने के बाद कंपनी के संचालकों ने उसे अन्य व्यक्ति को बेच दिया है। कंपनी की इन दोनों संपत्तियों का वर्तमान बाजार भाव मूल्यांकन 6 करोड़ 31 लाख 96 हजार 813 रूपये किया गया है। छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितो का संरक्षण अधिनियम 2005 के प्रावधानों एवं ईनामी चिटफंड एवं धन परिचालन पाबंदी स्कीम अधिनियम 1978 के प्रावधानों के तहत इस संपत्ति को कुर्क करने के लिए अंत:कालीन आदेश जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया है।





नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# कर रहे हैं नवरात्रि का व्रत तो इन बातों का रखें विशेष ख्याल, वरना पड़ सकते हैं बीमार

शनिवार से चैत्र नवरात्रि का आरंभ हो गया है, आज इसका दूसरा दिवस है। नवरात्रि के दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा, आरधान और व्रत करने की परंपरा है। शास्त्रों में उपवास के विशेष लाभ बताए गए हैं। इसका सिर्फ आध्यात्मिक ही नहीं, वैज्ञानिक लाभ भी है। कई शोध बताते हैं कि उपवास करने से पेट के अंगों को आराम मिलता है। पाचन से लेकर वजन को नियंत्रित रखने तक में इसके विशिष्ट लाभ के बारे में पता चलता है। हालांकि चैत्र नवरात्रि की व्रत कठिन माना जाता है। इस समय वातावरण में तापमान बढ़ रहा होता है ऐसे में व्रत करने वाले लोगों को सेहत के प्रति विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।



आहार विशेषज्ञों की मानें तो डायबिटीज, हृदय रोग और पहले से ही किसी गंभीर बीमारी का इलाज करा रहे लोगों को ज्यादा देर खाली पेट नहीं रहना चाहिए। वहीं अगर आप स्वस्थ हैं और व्रत कर रहे हैं तो इन दिनों में कुछ बातों का खास ख्याल रखना जरूरी है, वरना आप बीमार पड़ सकते हैं। आइए आगे की स्लाइडों में ऐसे ही कुछ आवश्यक टिप्स जानते हैं।

### शरीर के हाइड्रेशन का रखें ध्यान

जब आप उपवास कर रहे हों, तो शरीर के हाइड्रेशन का ध्यान रखना विशेष महत्वपूर्ण हो जाता है। विशेषकर इस मौसम में, जब कि तापमान बढ़ रहा हो, आपको खूब मात्रा में पानी और तरल पदार्थों का सेवन करते रहना चाहिए। आप नींबू पानी, नारियल पानी, छाछ का भी सेवन कर सकते हैं। सबसे खास बात खूब पानी पिएं और कैफीनयुक्त पेय पदार्थों से बचें। खाली पेट पानी पीने से भी आपके पाचन तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए पानी पीने से पहले कुछ हल्का खाएं।

### उपवास में स्वस्थ आहार लें

उपवास के दौरान स्वस्थ खाद्य पदार्थों का सेवन करना सुनिश्चित करें जो आपको ऊर्जा और पोषक तत्व प्रदान करें। प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ, डीप फ्राइड और शर्करा युक्त चीजों से परहेज किया जाना चाहिए। व्रत के दिनों में मौसमी फलों का सेवन किया जा सकता है। फल कई प्रकार के पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं जो आपको पूरे दिन सक्रिय और ऊर्जावान बनाए रखने में सहायक हैं।

### ज्यादा समय तक खाली पेट न रहें

लंबे समय तक खाली पेट रहने से सेहत पर नकारात्मक प्रभाव हो सकता है। इसलिए एक-दो घंटे के अंतराल पर कुछ हल्का जरूर खाते रहें। लंबे समय तक उपवास करने से कमजोरी, थकान और सिरदर्द हो सकता है। व्रत पूर्ण करते समय हमेशा हल्का भोजन करें। यदि आप किसी तरह की दवाइयां ले रहे हैं तो व्रत करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर ले लें।


### पर्याप्त नींद जरूरी

उपवास के कारण शरीर में थकान और कमजोरी आ सकती है, ऐसे में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त नींद जरूर लें। नींद पूरी होने से चक्कर आने और सिरदर्द जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। सुनिश्चित करें कि आप रोजाना रात में 7-8 घंटे की उचित नींद पूरी कर रहे हैं। व्रत के दौरान सेहत को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें।

# बढ़ते तापमान के साथ इन स्वास्थ्य समस्याओं का भी बढ़ जाता है खतरा

## ऐसे आसान से उपाय करके रहें सुरक्षित

देशभर में गर्मी के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। कई तरह के मौसमी फल और सब्जियां इस मौसम को जरूर खास बनाती हैं, पर तापमान बढ़ने के साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी कई गुना बढ़ जाता है। गर्मियों के मौसम में तेज लू के कारण शरीर से तेजी से पानी की मात्रा कम होने लगती है, इसके अलावा पसीने और तेज धूप के कारण शरीर पर कई तरह के नकारात्मक प्रभाव पड़ने का खतरा भी हो सकता है। इस मौसम में स्वास्थ्य को लेकर सभी लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक बढ़े हुए तापमान के साइड-इफेक्ट्स के कारण कई ऐसी स्वास्थ्य समस्याओं का भी खतरा बढ़ जाता है, जिसपर अगर ध्यान न दिया जाए तो स्थिति जानलेवा तक हो सकती है। इस खतरे को ध्यान में रखते हुए अचानक तापमान परिवर्तन के प्रति संवेदनशील, हृदय रोगी, मोटे या अधिक वजन वाले लोग, हाई ब्लड प्रेशर के शिकार और बच्चों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। गर्म वातावरण कई तरह के वायरस और बैक्टीरिया के लिए भी अनुकूल होता है जो शरीर को बीमार कर सकते हैं।



### त्वचा से संबंधित समस्याएं

पसीने और लंबे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने के कारण त्वचा से संबंधित कई तरह समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। इस मौसम में हीट रैश, त्वचा पर पैच होने, खुजली और संक्रमण का खतरा अधिक होता है। गर्मी के दिनों में घमौरी की समस्या भी काफी सामान्य है। कुछ सामान्य लक्षणों में त्वचा पर लाल धब्बे, फुंसी या छालों के साथ खुजली और जलन की दिक्कत हो सकती है। इस मौसम में त्वचा की देखभाल बहुत आवश्यक है।

### हीट स्ट्रोक का खतरा

तापमान बढ़ने के साथ अक्सर बाहर रहने वाले लोगों में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। आमतौर पर शरीर से पसीने के रूप में गर्मी निकलती रहती है, लेकिन कुछ स्थितियों में शरीर स्वाभाविक रूप से ठंडक नहीं ले पाता है जिसके कारण यह समस्या होती है। यह एक आपातकालीन स्थिति है जिसमें शरीर का तापमान बढ़ जाने, चक्कर आने और गंभीर स्थितियों में कोमा और मृत्यु का खतरा भी हो सकता है।

### निर्जलीकरण की समस्या

गर्मी के दिनों में शरीर से पसीने के रूप में अधिक पानी बाहर निकलता रहता है, ऐसे में यदि आप कम मात्रा में पानी या तरल पदार्थों का सेवन करते हैं तो इससे डिहाइड्रेशन होने का खतरा बढ़ जाता है। इस स्थिति में मुंह और जीभ सूखने, चक्कर आने, कमजोरी-थकान और बुखार का खतरा बढ़ जाता है। मानव शरीर में लगभग 75 प्रतिशत पानी होता है। इस पानी के बिना जीवित नहीं रहा जा सकता है।

### गर्मियों की समस्या से बचाव के लिए क्या करें?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक इस मौसम में अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। गर्मी में पसीने के कारण शरीर में पानी की मात्रा कम हो जाती है, इसलिए निर्जलीकरण के शिकार होने से बचने के लिए पानी और तरल पदार्थों का सेवन सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अत्यधिक गर्म और उमस भरे दिनों में अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। स्वस्थ और हल्के भोजन का ही सेवन करें।

# विशेषज्ञों की सलाहः यह एक साधारण सा अभ्यास संपूर्ण फिटनेस की है गारंटी, हर उम्र के लोगों के लिए जरूरी

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए नियमित रूप से योग-व्यायाम की सलाह दी जाती है। व्यायाम, शारीरिक निष्क्रियता को दूर करने, रक्त के संचार को बढ़ाने, मांसपेशियों-तंत्रिकाओं को स्वस्थ रखने और शरीर को अलर्ट रखने में मदद करते हैं। नियमित व्यायाम की आदत आपको कई तरह की गंभीर बीमारियों के खतरे से भी बचाने में मदद कर सकती है। हालांकि समय के अभाव और अधिक काम के कारण लोगों के लिए रोजाना व्यायाम के लिए समय निकाल पाना थोड़ा कठिन हो जाता है। अगर आपकी भी यही समस्या है तो अब परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, विशेषज्ञों ने एक ऐसे साधारण से अभ्यास के बारे में बताया है जो आपको शारीरिक-मानसिक दोनों तरह से फिट रखने में काफी मददगार हो सकती है।



स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक बस रोजाना वॉक करने को ही अगर आप दिनचर्या में शामिल कर लेते हैं तो इसे संपूर्ण फिटनेस के लिए काफी कारगर माना जा सकता है। पैदल चलना एक बहुमुखी व्यायाम है, जिसका बिना कोई अतिरिक्त प्रयास किए अभ्यास किया जा सकता है।

### रोजाना कितनी देर करना चाहिए वॉक?

वर्तमान परिदृश्य काफी हद तक तकनीकी से घिरी हुई है, ऐसे में आप स्मार्ट वॉच या स्मार्ट फोन में अपने फिटनेस की जरूरतों के हिसाब से टाइम सेट करके इसे ट्रैक कर सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक स्वस्थ व्यक्ति को प्रतिदिन पांच हजार कदम चलने का लक्ष्य बनाना चाहिए। हालांकि यह डेटा आपकी स्वास्थ्य पर निर्भर करता है, जिन लोगों को गठिया या अन्य समस्याएं है उनके लिए इतना चलना कठिन हो सकता है।

### वॉक करने से शारीरिक लाभ

अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि नियमित वॉकिंग की आदत आपके शारीरिक स्वास्थ्य में काफी सुधार कर सकती है। इसके लिए तेज-तेज चलने की आदत डालें। वजन को नियंत्रित बनाए रखने से लेकर शरीर की चर्बी कम करने, हृदय रोग, स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, कैंसर और टाइप-2 डायबिटीज सहित विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों की रोकथाम में इस अभ्यास से आपको लाभ मिल सकता है। सिर्फ वॉक करने से ही शरीर की सभी बड़ी मांसपेशियों के समूह का अभ्यास हो जाता है। यह बेहतर ऊर्जा स्तर बनाए रखने में भी आपके लिए काफी मददगार है।

### मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद

व्यायाम के लाभ केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक ही सीमित नहीं हैं, इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। वॉक करने की आदत तनाव का स्तर कम करने, मनोदशा में सुधार, अनुभूति, स्मृति और नींद की गुणवत्ता को बेहतर करने के साथ सोचने की क्षमता को बढ़ाने में आपकी मदद कर सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग नियमित रूप से पार्क में वॉक करते हैं उनमें अवसाद का खतरा कम होता है।

### स्वभाव में होता है सुधार

वॉक करने के दौरान आप लोगों से मिलते हैं। दोस्तों के समूह, बच्चों और पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होते हैं। सामाजिक संपर्क बढ़ने को स्वस्थ मानसिकता के लिए आवश्यक माना जाता है। लोगों से मिलना, अपने सुख-दुख बांटना, बातें करना इंसान के स्वभाव में सुधार करने के लिए जरूरी है। इन आदतों का मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर होता है। जो लोग अपने आप में खोए रहते हैं उनमें तनाव-चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है।

# थलापति विजय की 'बीस्ट' का ट्रेलर आउट, 13 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म



साउथ के सुपरस्टार थलापति विजय की अपकमिंग एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'बीस्ट' ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। मेकर्स ने फिल्म का दमदार ट्रेलर यूट्यूब के अलावा सोशल मीडिया पर भी फैंस के साथ शेयर किया है। ट्रेलर में विजय दमदार एक्शन सीन्स करते नजर आ रहे हैं। नेल्सन दिलीप कुमार के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में विजय के अलावा पूजा हेगड़े, सेल्वाराघवन शाइन टॉम चाको, योगी बाबू, रेडिन किंग्सले और जॉन विजय सहायक भी लीड रोल में हैं। खास बात यह है कि बीस्ट विजय की पहली पैन इंडिया रिलीज फिल्म है। जिसे मेकर्स तमिल के अलावा तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलायलम भाषाओं में भी ला रहे हैं। यह फिल्म 13 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# थायराइड विकार में इन तीन बातों का रखें विशेष ख्याल, वरना बढ़ सकती है आपकी समस्या

**गतिहीन जीवनशैली, आहार में गड़बड़ी और कई अन्य कारकों के चलते पिछले एक दशक में कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं काफी बढ़ गई हैं। थायराइड विकार उनमें से एक हैं। गले के निचले हिस्से में स्थित तितली के आकार की थायराइड ग्रंथि के सामान्य कार्य में होने वाली दिक्कत के कारण लोगों को इस तरह की समस्या होती है। भारत में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सांख्यिकी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार साल 2013 तक हर 2000 में एक व्यक्ति थायराइड की बीमारी से ग्रसित होता था, पिछले कुछ वर्षों में यह आंकड़ा और बढ़ा है। थायराइड विकार के कारण लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, जिनका समय पर निदान और उपचार आवश्यक माना जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि समय के साथ, अनुपचारित हाइपोथायरायडिज्म की स्थिति कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। ऐसे लोगों में मोटापा, जोड़ों में दर्द, बांझपन और हृदय रोगों का जोखिम काफी बढ़ जाता है। हमारे दैनिक जीवन की कई आदतें इस विकार की जटिलताओं को बढ़ावा दे सकती हैं। इस बारे में जानकारी और बचाव के उपायों को प्रयोग में लाना आपके लिए बहुत आवश्यक है।**

### धूम्रपान की आदत बढ़ा सकती है बीमारी

सिगरेट के धुएं में विषाक्त पदार्थ होते हैं जो आपके थायराइड ग्रंथि को प्रभावित कर सकते हैं। सिगरेट के धुएं में थायोसाइनेट नामक एक यौगिक पाया जाता है जो आयोडीन के अवशोषण को बाधित कर देता है। इस स्थिति में थायराइड हार्मोन का उत्पादन अवरुद्ध हो जाता है। सामान्यतौर पर, धूम्रपान थायराइड-उत्तेजक हार्मोन के स्तर में कमी का कारण बन सकता है।



### आहार में गड़बड़ी हो सकती है समस्याकारक

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ आहार का सेवन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, वहीं यदि आपको पहले से ही थायराइड विकार की समस्या है तो यह और भी आवश्यक हो जाता है। ऐसे लोगों को प्रोसेस्ड फूड्स, चीनी और नमक का बहुत संतुलित मात्रा में सेवन करना चाहिए। ये चीजें आंतों में सूजन का कारण बन सकती हैं जिसके कारण शरीर में हार्मोनल असंतुलन बढ़ जाता है।

### स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण जरूरी

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायर्नमेंटल हेल्थ साइंसेज के अनुसार, वातावरण की समस्याएं भी थायराइड विकार को बढ़ावा दे सकती हैं। वातावरण में बढ़ते रसायन और प्रदूषण के कारण यह समस्या ट्रिगर हो सकती है। कई वातावरणीय कारक थायराइड हार्मोन के स्तर में असंतुलन का कारण बन सकते हैं। नियमित व्यायाम और ताजी हवा में घूमने से आपको लाभ मिल सकता है।

### तनाव को करें प्रतिबंधित

अधिक तनाव लेने का शरीर पर कई तरह से नकारात्मक प्रभाव हो सकता है, यह थायराइड विकारों को भी बढ़ावा दे सकती है। तनाव लेने से तो प्रत्यक्ष रूप से थायराइड विकार नहीं होता है, लेकिन यह स्थिति को और खराब कर सकती है। तनाव का असर आपके शरीर के मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देता है जिसके कारण जटिलताएं बढ़ सकती हैं। सभी लोगों को तनाव प्रबंधन के उपाय करते रहने चाहिए।















## खास खबर

### डुमरपाली-रामपुर मार्ग और खैरा-परसकोल मार्ग में बनेगा उच्चस्तरीय पुल

**महासमुंद।** ग्राम डूमरपाली और रामपुर मार्ग पर डूमरपाली नाला पर दो करोड़ 62 लाख 14 हजार तथा खैरा और परसकोल मार्ग में सितली नाला पर दो करोड़ 88 लाख 19 हजार की लागत से उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से पुल निर्माण व पहुंच मार्ग के लिए पांच करोड़ पचास लाख 33 हजार रूपए की स्वीकृति मिली है। जिस पर क्षेत्र के लोगों ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है। मिली जानकारी के अनुसार डूमरपाली नाला और सितली नाला पर पुल निर्माण के लिए ग्रामीण लगातार मांग कर रहे थे। जिसे गंभीरता से लेते हुए संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ध्यानाकर्षित कराया। बाद इसके डूमरपाली और खैरा के पास सितली नाला में पुल निर्माण के लिए पांच करोड़ पचास लाख 33 हजार की स्वीकृति मिली है। जिस पर खिलावन साहू, मोहित ध्रुव, लक्ष्मण पटेल, दारा साहू, हेमंत डडसेना, कमलेश चंद्राकर, आलोक नायक, अतुल गुप्ता, सोनू राज, कार्तिक पटेल, कृष्ण पटेल, डागा साहू, लमकेश्वर साहू, विक्की पटेल, रामजी ध्रुव, मयाराम टंडन, राजू दीवान, रत्थू ध्रुव, सोना सिंग, बलराम ध्रुव, कुंवरसिंग यादव, गोविंद साहू, दीपक चंद्राकर, कुलेंद्र चंद्राकर, गेमन साहू आदि ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

### गांधी ग्राम कुलगांव का कलेक्टर ने किया अवलोकन

**कांकेर।** कुलगांव में स्थापित गांधी ग्राम का कलेक्टर चन्दन कुमार ने आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण करते हुए मछली आहार निर्माण इकाई, प्रशिक्षण केन्द्र सह बकरी पालन इकाई, मशरूम उत्पादन ईकाई, केज सिस्टम द्वारा लेयर फार्मिंग, स्पॉन उत्पादन इकाई एवं वर्मीटांका, पौध रोपण हेतु नर्सरी तैयारी करने का कार्य इत्यादि का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव के चरवाहों से चर्चा कर गौठान में मवेशियों को लाने तथा चारा-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करे। गांधी ग्राम में लघु वनोपज पर आधारित विभिन्न गतिविधियों का आवासीय प्रशिक्षण देने के साथ महिला स्व-सहायता समूहों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने निर्देशित किये। गौरतलब है कि गांधीग्राम कुलगांव में इंटरलॉकिंग, सीसी रोड, डारमेंट्री, रेसीडेंसियल रूम, किचन हॉल, महिला स्व-सहायता समूह के कार्यशाला के लिए शेड का निर्माण, चबूतरा निर्माण, प्रशिक्षण कक्ष का निर्माण किया गया है। यहां पर भूमिगत सिंचाई पाईपलाईन बिछाई गई है।

# देश की सुरक्षा सरकार की है सर्वोच्च प्राथमिकता : राजनाथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली । देश की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसकी एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ ने राष्ट्र के लिए चेतक हेलीकॉप्टर की सेवा के 60 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा।




भारतीय वायु सेना द्वारा 02 अप्रैल, 2022 को हैदराबाद के हाकिमपेट स्थित वायु सेना स्टेशन में चेतक- आत्म-निर्भरता, बहुविज्ञता और विश्वस्तता के 6 गौरवशाली शतकविषय पर यशस्वत् षट् शतकम्सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी,तीनों सेनाओं के हेलीकॉप्टर स्ट्रीम के वरिष्ठ सेवानिवृत्त और सेवारत अधिकारी और रक्षा मंत्रालय, भारतीय तटरक्षकऔर हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अधिकारी उपस्थित थे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सम्मेलन को उन लोगों के लिए एक उचित श्रद्धांजलि के रूप में बताया जिन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा की है। इस अमूल्य योगदान के लिए अपना सम्मान व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि,जब भी कोई देश सुरक्षा के लिए युद्ध लड़ता है,तो इसमें केवल सशस्त्र बल ही हिस्सा नहीं लेते हैं बल्कि पूरा देश उस युद्ध में शामिल होता है। एचएएल जैसे संगठनों के वैज्ञानिक, इंजीनियर और तकनीशियन, जो चेतक और अन्य प्लेटफॉर्म जैसे हेलीकॉप्टर विकसित करते हैं,हमारे सैनिकों के समान ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एमएसएमई से जुड़े लाखों कर्मचारी भी इन परियोजनाओं के लिए पुर्जों की आपूर्ति करके योगदान करते हैं। यह सम्मेलन उन सभी की कड़ी मेहनत और समर्पण का जश्न मनाता है।

इतिहास में राजपूत राजा राणा प्रताप के चेतक नाम के घोड़े की तुलना करते हुए राजनाथ सिंह ने चेतक हेलीकॉप्टर को न केवल एक मशीन, बल्कि एक जीवंत और समर्पित इकाई बताया, जो पिछले छह दशकों से लगातार राष्ट्र की सेवा में लगी हुई है और दूसरों के लिए एक मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि अब तक निर्मित लगभग 700 चेतकों ने पूरे समर्पण के साथ युद्ध और शांति के समय में राष्ट्र की सेवा की है। उन्होंने इसके कई तरह के उपयोग को संयुक्तता का एक ज्वलंत उदाहरण बताया है।

रक्षा मंत्री ने इस हेलीकॉप्टर की क्षमताओं के बारे में बताते हुए कहा कि,चेतकने सटीकता के साथ दुश्मनों को निशाना बनाकर और सैनिकों को सफलतापूर्वक उतारकर युद्ध के मैदान में अपनी क्षमता साबित की है। इसने युद्ध के मैदान में आवश्यक सामान पहुंचाने में भी मदद की है। इसने आपात स्थिति में अपने फंसे लोगों को बचाकर निकाल ले जाने के प्रयासों के माध्यम से कई बहुमूल्य जीवन बचाए हैं। इसने जब भी आवश्यक हुआ महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है, जिससे निर्णय लेने और युद्धों में जीत का मार्ग प्रशस्त करने में मदद मिली है। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मानवीय सहायता और आपदा राहत पहुंचाने में चेतकहमेशा सबसे आगे रहा है। यह पहली बार है जब कोई हेलीकॉप्टर इस मुकाम पर पहुंचा है। उन्होंने इस तथ्य की सराहना की किअनुकूलन,संशोधन और उन्नयन के माध्यम से चेतकअपने निर्माण के 60 वर्षों के बाद भी एक अग्रणी हेलीकॉप्टर बना हुआ है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1971 के युद्ध के दौरान चेतक हेलीकॉप्टर के असाधारण योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि, जमीन पर अपने सैनिकों को हवाई सहायता प्रदान करने से लेकर हेली-ब्रिजिंग ऑपरेशन और दुश्मन के ठिकानों को नष्ट करने तक, चेतकपर सवार हमारे वायु योद्धाओं ने युद्ध के दौरान अनुकरणीय साहस और दक्षता दिखाई।

# मुख्यमंत्री ने बस्तरवासियों को 104 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की दी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बस्तर प्रवास के दौरान बस्तरवासियों को 104 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने नगर पंचायत बस्तर के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित सिरहा-गुनिया सम्मेलन में 70 करोड़ रुपए की लागत के 17 कार्यों का लोकार्पण और लगभग 34 करोड़ 33 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।



इसके साथ ही बस्तर नगर पंचायत क्षेत्र के 11 हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र प्रदान किया तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत यहां 151 नवविवाहित जोड़ों को आर्शीवाद प्रदान किया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने यहां लगभग 3 करोड़ 4 लाख रुपए की लागत से कचनार से चोलनार तक निर्मित 4.9 किलोमीटर लंबी सड़क, लगभग 2 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से पाहुरबेल से उड़ियापाल तक निर्मित 4.5 किलोमीटर लंबी सड़क, लगभग 2 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से मंगनार से तोंगकोंगेरा तक डामरीकृत 4 किलोमीटर लंबी सड़क, लगभग 2 करोड़ 22 लाख रुपए की गुड़िया से कालागुड़ा तक निर्मित 6.2 किलोमीटर लंबी सड़क, लगभग 2 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से नगरनार से नदीबोड़ना तक निर्मित 5 किलोमीटर लंबी सड़क, लगभग 1 करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से रायकोट से सोढ़ीपारा तक निर्मित 4.5 किलोमीटर लंबी सड़क, एक करोड़ 4 लाख रुपए की लागत से नानगुर मे निर्मित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन, 55 लाख रुपए की लागत से घाट धनोरा मे निर्मित शासकीय हाईस्कूल भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही साथ कार्यक्रम में 55 लाख रुपए की लागत से बाबू सेमरा मे निर्मित शासकीय हाईस्कूल भवन, एक करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से कोलचूर से घाट कवाली तक निर्मित 5.5 किलोमीटर लंबी सड़क, 5 करोड़ 37 लाख रुपए की लागत से नारायणपाल से कोरमेल तक निर्मित 13.5 किलोमीटर लंबी सड़क, एक करोड़ 56 लाख रुपए की लागत से बागमोहलई से राजा डोंगरी तक निर्मित 4.1 किलोमीटर लंबी सड़क, 20 करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से डिलमिली से पखनार तक निर्मित 20.8 किलोमीटर लंबी सड़क के साथ ही 2 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत के बस्तर विश्वविद्यालय में निर्मित ट्रांजिस्ट हॉस्टल व माता रुक्मणी सेवा संस्थान में एक करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से निर्मित हॉस्टल, 5 करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से फरसागुड़ा से पखना कोंगेरा तक निर्मित 21 किलोमीटर लंबी सड़क, 15 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से बस्तर से कुम्हली तक निर्मित 23.28 किलोमीटर लंबी सड़क का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में जिन कार्यो का भूमिपूजन किया, उनमें 2 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत के जैतगिरी से डुरकाबेड़ा तक 4 किलोमीटर लंबी सड़क, एक करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से सोनपुर से बनियागांव तक 3 किलोमीटर लंबी सड़क, 2 करोड़ 33 लाख रुपए की लागत के बस्तर विश्वविद्यालय के अतिथि भवन, 5 करोड़ 47 लाख रुपए की लागत के सोरगांव से जामगांव तक 5.5 किलोमीटर लंबी सड़क, एक करोड़ 97 लाख रुपए की लागत के टेमरा से पुरुषपाल तक 1.7 किलोमीटर लंबी सड़क, 2 करोड़ 99 लाख रुपए की लागत के बोदरा से चोंडीघाट तक 4 किलोमीटर लंबी सड़क शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 2 करोड़ 47 लाख रुपए की लागत के बागमोहलई से जामगुड़ा तक 2.5 किलोमीटर लंबी सड़क, 5 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत के बुड़गीभाटा से चीतापुर तक 7 किलोमीटर लंबी सड़क, लागत के साकेत कॉलोनी जगदलपुर के होम्योपैथिक औषधालय का भूमिपूजन भी किया।

राज्य को मोतियाबिंद मुक्त करने की ओर एक और कदम

# पहले अपनी हथेली तक नहीं दिखती थी अब देख रहे हैं रंगीन दुनिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। उम्र के साथ बढ़ने वाला मोतियाबिंद (डेवलपमेंट कैटरेक्ट) से परेशान ग्राम दोंदेकला निवासी उधव राम यादव और दादू राम यादव (दोनों 35 वर्षीय) लगभग 12 वर्ष की आयु से डेवलपमेंट कैटरेक्ट (उम्र के साथ बढ़ने वाला मोतियाबिंद) से परेशान थे 7 यहां तक की वे दोनों नजदीक की चीज भी देखने में असमर्थ होने लगे थे । स्थिति धीरे-धीरे बिगड़ती चली गई और कहीं पर भी अकेला जाना संभव ही नहीं रहा।



इसी बीच स्वास्थ्य विभाग द्वारा दोंदेकला में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें इनकी समस्या को समझा गया और नियमित उपचार से जोड़ा गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) दोंदेकला के नेत्र सहायक अधिकारी संजय पाटिल बताते है, दोनों मरीजों के आँख में डेवलपमेंट कैटरेक्ट गंभीर स्तर का पाया गया टीम द्वारा उनको डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर [मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रायपुर (मेकाहारा)] पहुंचाया गया जहां मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया। डेवलपमेंट कैटरेक्ट एक जटिल प्रक्रिया हो जाती है जिसमें दृष्टि का स्तर काफी कम होता है। अगर समय पर ऑपरेशन नहीं होता तो दृष्टि जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था, श्री पाटिल ने कहा।

उधव राम यादव बताते है कि जब वे 12 साल के थे उनकी देखने की क्षमता धीरे-धीरे खत्म होती चली गई पहले तो कुछ समझ में नहीं आया लेकिन बाद में जब प्राइवेट अस्पतालों में दिखाया तो पता चला मोतियाबिंद है । इलाज का काफी खर्चा था आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण वे इलाज नहीं करवा पाए। वही दादू राम यादव बताते हैं कि जब उनकी आयु 11 वर्ष थी तब से वह इस समस्या से जूझ रहे हैं धीरे-धीरे दिखना बंद हो गया । हाथ की उंगलियां भी नहीं दिखती थी प्राइवेट अस्पताल में जाकर दिखाया तो उन्होंने बताया कि दादू राम की आंख की रोशनी मोतियाबिंद के कारण चली गई है और इसके इलाज में काफी खर्च आएगा इसी डर के कारण वे दोबारा अस्पताल नहीं गए ।

फिर एक दिन हमारे ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) दोंदेकला द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हमारी आंख की जांच की गई और उन्होंने हमें बताया कि घबराने की जरूरत नहीं है, आप का इलाज शासकीय अस्पताल में नि:शुल्क किया जाएगा ।

# उद्यमिता जागरूकता शिविर में बेरोजगारों को दी गई व्यवथाय स्थापित करने की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर द्वारा कोयलीबेड़ा विकासखण्ड अंतर्गत पखांजूर में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य बिरेश ठाकुर की अध्यक्षता में गत दिवस आयोजित किया गया।




उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं में शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को स्वयं का उद्योग, सेवा व्यवसाय, व्यवसाय स्थापित करने के लिये राज्य शासन की मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत ऋण प्राप्त करने पर अनुसूचित जाति, जनजाति को 25 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग को 15 प्रतिशत, सामान्य वर्ग को 10 प्रतिशत मार्जिनमनी अनुदान दिये जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रबंधक दीनबन्धु ध्रुव द्वारा दी गयी। केन्द्र शासन की योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत उद्योग, सेवा व्यवसाय के लिए 01 लाख से 25 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से दिये जाने पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग को 35 प्रतिशत, सामान्य वर्ग को 25 प्रतिशत, वहीं शहरी क्षेत्र में क्रमश: 25 एवं 15 प्रतिशत अनुदान दिये जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रबंधक हिमालय सेठिया द्वारा दी गयी। राज्य शासन द्वारा घोषित औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत् जिले में उद्योग स्थापित करने पर स्थायी पूंजी निवेश अनुदान, ब्याज अनुदान, स्टाम्प शुल्क छूट, विद्युत शुल्क, मण्डी शुल्क, जी.एस.टी शुल्क छूट की विस्तृत जानकारी देने के साथ ही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना पीएमएफएमई में खाद्यान्न से संबंधित उद्योग जैसे सीताफल से आईसक्रीम निर्माण, इमली कैण्डी, एवं इमली पर आधारित उत्पाद, पोहा उद्योग,, मसाला निर्माण एवं पैकेजिंग, आचार, बड़ी, पापड़ निर्माण, रेडी टू ईट, टमाटर पर आधारित उत्पाद जैसे टमाटर चटनी, सॉस, मक्का प्रोसेसिंग (मक्का फ्लेक्स), गेहूं, बाजरा, जैम, जैली, डेयरी उत्पाद, दूध से पनीर, घी, दही, मिठाई, सेव भुजिया, नमकीन निर्माण, पशुआहार निर्माण के उद्योग स्थापना पर दी जाने वाली अनुदान एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी सहायक प्रबंधक श्रीमती रेणु ध्रुव द्वारा दी गई।

# आरपीएफ ने रेलवे टिकट दलालों के खिलाफ महीने भर का देशव्यापी अभियान चलाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली।** देश में लंबी दूरी की ट्रेन सेवाओं की बहाली और त्योहारों और गर्मी की भीड़ की संभावना के चलते, मार्च 2022 के महीने में आरक्षित ट्रेन सिटों की मांग में तेज वृद्धि की उम्मीद थी। इस मामले को ध्यान में रखते हुए, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने टिकट दलालों के खिलाफ अपने प्रयासों को तेज कर दिया और मार्च 2022 के महीने में पूरे देश में दलालों की गतिविधियों के खिलाफ एक देशव्यापी अभियान शुरू किया।




आरपीएफ की क्षेत्रीय इकाइयों ने क्षेत्र, डिजिटल और साइबर दुनिया से जानकारी इकट्ठा की। फिर सूचनाओं का मिलान, सत्यापन और विश्लेषण किया और 1 मार्च 2022 से पूरे देश में टिकट दलालों के खिलाफ अभियान शुरू किया।

आरफीएफ द्वारा शुरू किया गया यह अभियान बेहद सफल रहा और इसके परिणामस्वरूप 1459 टिकट दलालों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 341 अधिकृत आईआरसीटीसी एजेंट थे, लेकिन वे रेलवे टिकटों की दलाली में भी शामिल थे। इन आईआरसीटीसी एजेंटों को ब्लैकलिस्ट करने और 366 आईआरसीटीसी एजेंटों की आईडी और 6751 व्यक्तिगत आईडी को ब्लॉक करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। मार्च महीने में टिकट दलालों की गिरफ्तारी पिछले महीने यानी फरवरी 2022 के आंकड़े से करीब 3.64 गुना है।

इन टिकट दलालों द्वारा अवैध रूप से खरीदे गए 65 लाख रुपये से अधिक मूल्य की भविष्य की यात्रा के रेलवे टिकटों को बरामद कर रद्द कर दिया गया है, जिससे ये सीटें सही मायने में हकदार रेलव यात्रियों को उपलब्ध हो गई हैं।

ऑपरेशन उपलब्ध के तहत महीने भर का देशव्यापी अभियान ने दलालों की गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगाने और आम आदमी को रेलवे टिकट उपलब्ध कराने में समर्थ बनाया है। भारतीय रेलवे आम जनता को अनाधिकृत व्यक्तियों से टिकट न खरीदने की सलाह देता है क्योंकि यह न केवल एक बार पता चलने के बाद रद्द हो सकता है, बल्कि टिकट लेने वाले को कानूनी परेशानी में भी डाल सकता है।

रेलवे टिकटों के दलालों के खिलाफ आरपीएफ द्वारा शुरू किया गया ऑपरेशन उपलब्ध अिभायान भविष्य में भी उसी जोश और तीव्रता के साथ जारी रहेगा।































## खास-खबर

### युवक पर चाकू से हमला करने वाले तीन आरोपित पकड़े गए

**बिलासपुर ( ए )।** युवक से मारपीट व चाकू से जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से बटनदार चाकू बरामद किया गया है। आरोपितों में एक नाबालिग भी शामिल है। शनिवार को सिरगिट्टी पुलिस ने तीनों आरोपितों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। तिफरा के इंद्रपुरी के रहने वाली दुर्गा साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीते 30 मार्च को शाम 6 बजे अपने घर के सामने गली में छोटे बच्चे के साथ बैठी थी। इसी दौरान मोटर साइकिल में सवार तीन लड़के तेज रफ्तार से चलाते हुए बच्चे के पास से गुजरे। जिसे देखकर दुर्गा साहू ने धीरे चलाने के लिए कहा। यह बात सुनकर मोटर साइकिल सवार तीनों लड़के वापस लौटकर आए और महिला के साथ विवाद करने लगे। गाली-गलौज की आवास सुनकर दुर्गा साहू के पति लक्ष्मण साहू ने विवाद शांत कराने का प्रयास किया। तीनों लड़कों ने दुर्गा साहू के साथ मारपीट शुरू कर दी। धक्का मारकर गिरा दिया। लक्ष्मण साहू ने विरोध किया। तब भोला उर्फ रोशन कुमार धृतलहरे ने अपने जेब से चाकू निकालकर लक्ष्मण के पीठ पर वार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

घटना के बाद तीनों लड़के फरार हो गए। दुर्गा साहू ने अपने पति को अस्पताल में भर्ती कराया। सिरगिट्टी थाना में शिकायत की। पुलिस ने हत्या के प्रयास के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। शनिवा को पुलिस ने यदुनंदन नगर सब्जी बाजार के पास घेराबंदी कर आरोपित रोशन धृतलहरे उर्फ भोला(20), राजकुमार मिरी (18) व नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से चाकू बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपितों ने अपराध करना स्वीकार किया है।

### फैक्ट्री में सुरंग बनाकर 60 हजार का सामान चोरी, चार गिरफ्तार

**बिलासपुर ( ए )।** बाउंड्रीवाल के बाहर से सुरंग बनाकर फैक्ट्री के अंदर स्टोर रूम से इलेक्ट्रानिक सामान चोरी करने वाले तीन आरोपित समेत एक खरीदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से 15 नग इंडस्ट्रयल मोटर जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 60 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने चारों आरोपितों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है।

सिरगिट्टी के रहने वाले ओम प्रकाश पांडेय (46) ने 31 मार्च को पुलिस में शिकायत की थी कि हनुमंत एलाज इंडिया प्रालि सिपहरी प्लांट के बाउंड्रीवाल में सुरंग बनाकर चोरों ने स्टोर रूम तक पहुंच गया। वहां रखे इलेक्ट्रानिक सामान 15 नग इंडस्ट्रीयल मोटर चोरी कर भाग गए थे। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी।

### शादी के लिए उधार लिया वापस मांगा तो चाकू मारा

# 5 हजार रुपए के लिए दोस्तों के बीच हुआ विवाद, पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**कांकेर (ए)।** कांकेर जिले में युवक ने अपने दोस्त पर चाकू से हमला कर हत्या करने का प्रयास किया है। युवक गंभीर रूप से घायल है जिसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। इधर आरोपी युवक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पैसों की लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। शादी में उधार दिए गए पैसों को मांगा तो दोस्त ने चाकू से हमला कर दिया। मामला जिले के चारामा थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, जिले के मरकाटोला का रहने वाले भरत उसेंडी को उसके दोस्त चंद्रकांत तेता ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया है। वारदात को अंजाम देने के बाद युवक फरार हो गया था। घायल युवक को आसपास के लोगों और परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया। साथ ही पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। वहीं पुलिस ने मुखबिर की सूचना के अनुसार कुछ ही घंटों में आरोपी युवक को ढूंढ कर गिरफ्तार कर लिया है।

#### 5 हजार रुपए के लेनदेन की वजह से हुआ था विवाद

चारामा पुलिस ने बताया कि, प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दो साल पहले चंद्रकांत तेता की शादी थी। बारात में वह बोलेरो ले जाना चाहता था। जिसके लिए पैसे कम पड़े तो उसने अपने दोस्त और परिचित भारत उसेंडी से 5 हजार रूपए उधार लिए थे। इसी रकम को वह बार-बार मांग रहा था। इसके लिए वह कहीं भी सबके सामने रकम की मांग कर देता था। जिससे आरोपी स्वयं को अपमानित समझ रहा था। और इसी के चलते उसने बदला लेने के लिए उस पर चाकू से हमला कर दिया।

### धमतरी सोंदूर बांध हादसा

# बांध में डूबी एक युवती का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी



**धमतरी।** नाव में सवार होकर जल विहार के दौरान एक अप्रैल को सोंढूर बांध में नाव पलट गई थी। इस दुर्घटना में गरियाबंद जिले के धवलपुर की बिंदिया नागेश और मोनिका नेताम डूब गई थीं। दो अप्रैल को एसडीआरफ और पुलिस के गोताखोरों ने बिंदिया का शव खोज लिया। मोनिका की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार गरियाबंद जिले के धवलपुर से धमतरी जिले के ग्राम बेलरबाहरा में बिंदिया नागेश, मोनिका नेताम, फुलेश्वरी नेताम, मानकी नेताम, सीताराम मरकाम, महेश्वर मरकाम, पावेश ठाकुर अपने रिश्तेदार के यहां शादी में आए थे। बेलरबाहरा से सोंढूर बांध लगा हुआ है। इसलिए सभी सोंढूर बांध में सैर सपाटा के लिए पहुंचे। नाव में सवार होकर सभी लोग गहरे पानी में चले गए।

#### दो युवतियां मोनिका और बिंदिया डूब गई थीं

पानी में सैर करने के दौरान नाव के अंदर पानी भरने लगा। नाव में पानी भरता देख नाव को जल्दी-जल्दी खेते हुए किनारे लाने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान दो युवक पानी में कूद गए। इसके बाद नाव पलट गई। किसी तरह तैरकर फुलेश्वरी नेताम, सीताराम मरकाम, महेश्वर मरकाम, पावेश ठाकुर और मानकी नेताम पानी के किनारे पहुंची और अपनी जान बचा ली। दो युवतियां मोनिका और बिंदिया डूब गई थीं। दोनों की एक अप्रैल को गोताखोरों ने बहुत तलाश की। लेकिन दोनों नहीं मिली।

#### बिंदिया नागेश का शव दो अप्रैल को मिल गया

दो अप्रैल को सूर्योदय के साथ एसडीआरएफ और पुलिस के गोताखोरों ने पुनः तलाश प्रारंभ की। बिंदिया नेताम का शव मिल गया। लेकिन मोनिका नेताम का पता नहीं चल सका है। मेचका के थाना प्रभारी मथुरा सिंह ठाकुर ने बताया कि सोंढूर बांध के पानी में दोनों लापता युवतियों में से बिंदिया नागेश का शव दो अप्रैल को मिल गया। मोनिका नेताम का कुछ पता नहीं चला। अंधेरा होने के कारण अभियान रोक दिया गया। एसडीआरएफ की टीम तीन अप्रैल को पुनः तलाश करेगी।

# नट बोल्ट बेचने का झांसा देकर बिलासपुर के व्यापारी से 23.50 लाख की ठगी

**बिलासपुर ( ए )।** स्क्रेप नट बोल्ट बेचने का झांसा देकर ताज ट्रेडर्स के मालिक से 23 लाख 50 हजार रुपये की ठगी की गई है। रकम देने के बाद भी सामान नहीं मिला तो उन्हें धोखाधड़ी का पता चला। संचालक की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। मसानगंज मस्जिद गली में रहने वाले मो. फिरोज ताज ट्रेडर्स के मालिक हैं। पश्चिम बंगाल के कोलकाता के रहने वाला काजी फजुल्ला अंसारी 13 अगस्त 2021 को बिलासपुर आया था। उसने फिरोज को स्क्रेप नट बोल्ट बेचने की बात कही। इसके लिए फजुल्ला उन्हें कोलकाता लेकर गया।





वहां मो. मुमताज से बात हुई।

माल का सैंपल दिखाया गया। इसके बाद फिरोज ने बिलासपुर में सौदा तय करने की बात कही। बिलासपुर आने के बाद फिरोज और काजी फजुल्ला के बीच 35 लाख रुपये में साढ़े 11 टन स्क्रेप नट बोल्ट का सौदा तय हुआ। इसके बाद उन्होंने काजी फजुल्ला के साथी मो. मुमताज के बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से छह दिसंबर 2021 को तीन लाख 50 हजार रुपये, सात दिसंबर को 10 लाख रुपये और 18 दिसंबर को 10 लाख रुपये अपने सहयोगी फर्म संजार इंटरप्राइजेश बिलासपुर के नाम से जमा कर दिए। पैसा जमा होने के बाद भी सामान नहीं पहुंचाया गया। फिरोज लगातार संपर्क कर बातचीत करते रहे। लेकिन अभी तक सामान नहीं भेजा गया है। पुलिस ने आरोपित काजी फजुल्ला अंसारी और मो. मुमताज के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत अपराध दर्ज किया है।

### युवक के सूने मकान से 50 हजार का सामान पार

युवक के सूने मकान से 50 हजार का सामान चोरी हो गया। सरकंडा के मोपका क्रिस्टल विला के रहने वाले विनय जांगड़े बीते 30 मार्च को शाम पांच बजे पारिवारिक काम से घर में ताला लगाकर रायगढ़ गए थे। शुक्रवार को वापस घर आए तो दरवाजे का कूंदा टूटा हुआ था। कमरे से एक मोबाइल, कैमरा व अन्य इलेक्ट्रानिक सामान चोरी हो गया था। सरकंडा थाने में मामले की शिकायत की है। इसमें चोरी गए सामान कीमत 50 हजर रुपये बताई है।

# स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर ( ए )।** स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपित ने अपराध करना स्वीकार किया है। पुलिस ने उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने पुलिस में शिकायत की थी कि बीते शुक्रवार को उकसी नाबालिग बेटी घर से अकेली पैदल स्कूल आना जाना करती है। गौरव जायसवाल प्रतिदिन उसका पीछा करता है। बुरी नियत से देखता है। शुक्रवार को छात्रा स्कूल जा रही थी।

इसी दौरान आरोपित गौरव जायसवाल ने उसका पीछा करते हुए जबरन हाथ को पकड़ लिया। छात्रा ने घबराकर विरोध किया, लेकिन गौरव जायसवाल ने छेड़छाड़ करता रहा। हाथ को पकड़कर खीचने लगा। आरोपित युवक ने पीड़िता को धमकाया कि यदि तुम अपने माता-पिता को घटना के बारे में बताई तो तुम्हे और तुम्हारे पिता को जान से मार दूंगा। इससे छात्रा डर गई थी। इसके बावजूद हिम्मत जुटाकर छात्रा ने अपने स्वजनों को घटना के बारे में बताया। स्वजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया।

पुलिस की टीम आरोपित की खोजबीन में जुटी थी। शनिवार को सिरगिट्टी पुलिस गश्त में निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपित गौरव अपने घर पर छूपा है। पुलिस टीम ने घर पर दबिश देकर आरोपित गौरव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस प्रकरण में थाना प्रभारी सरगर पाठक, एसआई धनुष पाटले,आरक्षक अशोक कोरम,शशीकांत जायसवाल, अफाक खान, कमलेश्वर शर्मा व बोधुराम कुम्हार की अहम भूमिका रही।

# छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने डीजीपी जुनेजा को जारी किया अवमानना नोटिस

**बिलासपुर ( ए )।** अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कोर्ट ने आला अधिकारियों को तत्काल अपना पक्ष रखने को कहा है।

पंचराम ने वकील अभिषेक पांडेय के जरिए हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि वे जांजगीर चांपा जिले में एएसआइ के पद पर पदस्थ थे। सेवाकाल के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने अधिक वेतन का भुगतान करने का हवाला देते हुए रिकवरी आदेश जारी कर दिया। याचिकाकर्ता ने नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि वे तृतीय श्रेणी कर्मचारी हैं। इस वर्ग के कर्मचारी से किसी भी प्रकार की वसूली पर राज्य शासन ने रोक लगा रखी है। मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने वसूली आदेश पर रोक लगा दी थी। हाई कोर्ट के आदेश के तकरीबन तीन महीने बाद वे सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति के पश्चात बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक और जांजगीर चांपा पुलिस अधीक्षक ने रिकवरी आदेश जारी कर दिया। इसके साथ संपूर्ण सेवानिवृत्ति देयक पर भी रोक लगा दी। याचिकाकर्ता ने अपने वकील के जरिए हाई कोर्ट में दोबारा याचिका दायर की।



मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने वसूली पर रोक लगाते हुए संपूर्ण सेवानिवृत्ति देयक का भुगतान करने का आदेश जारी किया था। हाई कोर्ट के आदेश के बाद आला अधिकारियों ने देयक का भुगतान नहीं किया। न्यायालयीन आदेशों की अवहेलना का आरोप लगाते हुए याचिकाकर्ता ने डीजीपी, आइजी बिलासपुर रेंज व पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि कोर्ट ने मासिक पेंशन, ग्रेच्युटी, जीपीएफ, जीआइएस एवं अवकाश नगदीकरण राशि देने का आदेश दिया था। आला अफसरों ने कोर्ट के आदेश का अवहेलना करते हुए अब तक राशि का भुगतान नहीं किया है। कोर्ट ने इसे गंभीरता से लेते हुए आला अधिकारियों ने अवमानना नोटिस जारी कर तत्काल जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं।

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)
सिस्टम निविदा क्र.95928/निविदा सूचना क्र.34/वलेलि/2021-22
बेमेतरा, दिनांक. 29.03.2022

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 19.04.2022 17.30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-
**कार्य का नाम-** बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा की लुक व्यपवर्तन योजना के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार एवं वेस्टवियर का मरम्मत कार्य तथा नहरों का रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य, 03 नग व्ही.आर.बी., 03 नग फाल का निर्माण तथा 01 नग स्ट्रक्टर का मरम्मत कार्य।
**अनुमानित लागत-** रू. 117.78 लाख।
अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 05.04.2022 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।
**नोट-** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
**कार्यपालन अभियंता**
जल संसाधन संभाग, बेमेतरा (छ.ग.)
कृते, अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मण्डल
दुर्ग (छ.ग.)
जी-69106/7

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### हिन्दू नववर्ष हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया

**भिलाई।** मुस्कुराते रहो योग ग्रुप एवं शिवानंद योग निकेतन तथा सरस्वती शिशु मंदिर नेहरुनगर के संयुक्त तत्वावधान में नव वर्ष हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। प्रभात फेरी में सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थी, शिक्षक शिक्षिका, तथा सदस्यों व्दारा भारत माता वन्देमातरम, उदघोष के साथ नेहरुनगर पूर्व की गलियों का भ्रमण किया। रास्ते में शरबत वितरण की व्यवस्था थी। नेहरुनगर पार्क में प्रभातफेरी समाप्त हुई। सर्वश्री डा.एम.एल.जैन, गोपाल प्रसाद दुबे.योग प्रशिक्षक,के.के सिंघल पूर्व ईडी, नरेन्द्र श्रीवास्तव,अध्यक्ष, एस.एल देवांगन महामंत्री भाजपा, शैलेन्द्र श्रीवास्तव योग प्रशिक्षक, यदुनन्दन पटेल, पूर्व प्राचार्य, आदि ने सभा को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए हिन्दू संस्कृति पर विचार व्यक्त किए। सत्येश शर्मा एवं रेणु शर्मा नाम देशभक्ति पूर्ण गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मिष्ठान एवं फलों का वितरण किया गया । अजीत सिंह उद्योगपति विनय चंद्राकर, बी.एल. असाठी, श्रीमती ललिता पिल्लई, प्रतुल पारेता का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

### एसएमएस-2 में स्वच्छता पखवाडा का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-2 में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) सुशील कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की षुरूआत में सर्वप्रथम आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छता षपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) सुशील कुमार ने उपस्थित सभी कर्मचारियों, अधिकारियों को स्वच्छता षपथ दिलवायी। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) सुशील कुमार ने अपने उदबोधन में कहा कि आप सब अपने घरों की सफाई अवष्य ही करते हैं, उसी प्रकार हम सब को भी स्वच्छता की षुरूआत अपने से, अपने घर-परिवार से, गांव-मुहल्ले से, अपने कार्यस्थल से करनी है। तभी हम स्वच्छ भारत मिषन को सफल बना सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि शिरोमणी पुरस्कार कार्यक्रम आपके कार्यक्षमता को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। सुशील कुमार ने एमएमएस-2 के 12 श्रमवीरों को कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया।

### खुर्सीपार श्रीराम चौक से भगवामय भिलाई

# 2100 दीये जलाकर लिखा गया जय श्रीराम, 11000 लोगों ने लिया भोग

- बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति ने कराया खुर्सीपार श्रीराम चौक में भव्य आयोजन
- भिलाई निगम की महिला पार्षदों की भूमिका रही महत्वपूर्ण

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। श्रीराम चौक खुर्सीपार से पूरा भिलाई भगवामय हो गया। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति की ओर से भव्य आयोजन कराया गया। हिंदू नववर्ष व नवरात्रि के प्रथम दिन पूजा-अर्चना की गई।

### दया सिंह के नेतृत्व में हुए आयोजन में गूंजते रहे जय श्रीराम के जयकारे




पूरे चौक में भगवा झंडें लगाए गए। सुमधुर गीत-संगीत के बीच ये भव्य आयोजन हुआ। आयोजक बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष व भाजपा पार्षद दया सिंह ने बताया कि, पूरा भिलाई भगवामय हो गया है। आयोजन में 11000 लोगों को प्रसादी वितरण किया गया। हलवा प्रसादी के रूप में दिया गया। 2100 दीपक से जय श्रीराम लिखा गया। आज दिवाली जैसा माहौल था। इस कार्यक्रम में भिलाई निगम की महिला पार्षदों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चूंकि, माता स्वरूप महिला पार्षदों ने आयोजन की सराहना की और आने वाले वर्षों में इसे और भी भव्य करने की बात कही है। इस दौरान भिलाई निगम की पार्षद वीणा चंद्राकर, स्मिता दोड़के, लक्ष्मी दिवाकर, गिरीजा बंछोर, शकुंतला साहू, ईश्वरी नेताम मौजूद रहीं। कार्यक्रम में भिलाई निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रिकेश सेन, श्यामसुंदर राव, विनोद चेलक समेत अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल में भक्तों का जन सैलाब देखने को मिला। वहीं मर्यादापुरुषोत्तम को भी हलवा का भोग लगाकर महाभोग की शुरुआत की गई। मां दुर्गा के 108 नाम का जप एक श्रद्धालु द्वारा किया गया।

## चेम्बर के महामंत्री अजय भसीन ने रायगढ़ एवं बरमकेला का किया दौरा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने अपनी टीम के साथ रायगढ़ एवं बरमकेला का एकदिवसीय दौरा किया। संगठन की मजबूती एवं व्यापारियों की समस्याओं से अवगत होने के लिए इस एकदिवसीय दौरे का आयोजन हुआ। दौरे के प्रथम चरण में भसीन ने बरमकेला के व्यापारी बन्धुओ से मुलाकात की। यहां के अध्यक्ष रतन शर्मा ने अपनी चेम्बर टीम के साथ प्रदेश महामंत्री का स्वागत किया।

साथ ही उस स्थल के मार्केट की विभिन्न समस्याओं पर ध्यानाकर्षण कराया। दौरे के दूसरे खण्ड में रायगढ़ के साई होटल परिसर में रायगढ़ चेम्बर के पदाधिकारियों की टीम ने प्रदेश महामंत्री के प्रथम दौरे पर सम्मान एवं स्वागत किया। अजय भसीन ने रायगढ़ जिले के सभी व्यापारी साथियों का धन्यवाद किया सभी संरक्षक मण्डल एवं सलाहकार मण्डल का आशीर्वाद लिया।

भसीन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं धन्यवाद करता हूँ सभी व्यापारी बन्धुओ का जिनका अधिक से अधिक विश्वास मत और आशिर्वाद मिला। मेरा यह सौभाग्य है कि आप की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर रायगढ़ चेम्बर के अंशदान का चेक एवं चेम्बर कार्ड वितरण किया गया। उनके आगमन का मकसद रायगढ़ चेम्बर के प्रत्येक व्यापारी साथियों से भेंट एवं उनकी बेसिक समस्याओ को सुनना तथा यथासंभव उसे हल करना जोकि काफी सफल रहा।

## सिंटर प्लांट-3 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 में दिनांक 22 मार्च से 26 मार्च, 2022 के मध्य सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीजीएम इंचार्ज (सर्विसेस) एस एन आबिदी तथा विषिष्ट अतिथि के रूप में कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा व अग्निषमन सेवाएं) जी पी सिंह व मुख्य महाप्रबंधक (एसपी-3) एस वी नंदनवार ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारम्भ किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में इंटक यूनियन के महासचिव संजय साहू के उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्षन महाप्रबंधक एम आर के शरीफने किया।

कार्यक्रम में गैस, सड़क दुर्घटना, कन्वेयर बेल्ट, आग, विद्युत से सुरक्षा से संबंधित सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं हाउसकीपिंग की महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में प्रतिदिन 60 कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का समापन समारोह 26 मार्च, 2022 को मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं उपयोगिताएं) असीत साहा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विषिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (एसपी-3) श्री एस वी नंदनवार तथा महाप्रबंधक (सुरक्षा व अग्निषमन सेवाएं) एस आर अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत मुख्य महाप्रबंधक (एसपी-3) एस वी नंदनवार ने किया। कार्यक्रम में अमीत भण्डारी द्वारा प्रस्तुत सुरक्षा गीत बहुत ही सराहनीय रहा। सुरक्षा जागरूकता सप्ताह में विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

## निगम स्वच्छता सेल्फी जोन ब्रांड एंबेसेडर की नवाचारी पहल : लोगों का मिल रहा जर्बदस्त रिस्पांस, सेल्फी लेने उमड़ रही भीड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में दुर्ग को देश मे नंबर वन स्थान पर लाने विधायक अरुण वोरा ,महापौर धीरज बाकलीवाल की मंशानुसार एवं आयुक्त हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में अभियान सतत जारी है ।



इस कड़ी मे ब्रांड एंबेसेडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही द्वारा एक नवाचारी पहल स्वच्छता सेल्फी जोन बनाया गया है। लोग वहां पहुँचकर सेल्फी ले रहे है। दुर्ग गौरव पथ गोंडवाना भवन परिसर में जहां इंडियन लाइफ स्टाइल एक्सपो लगा है उसके प्रवेश द्वार पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में दुर्ग को नंबर वन बनाने विभिन्न गतिविधियों को दर्शाता हुआ विशाल फ्लेक्स लगाए गए हैं । है सबने ठाना है , दुर्ग को स्वच्छ नंबर वन बनाना है ।

धर्माचार्य भी दे रहे हैं दिव्य ज्ञान , सफल बनाओ दुर्ग का स्वच्छता अभियान । स्वच्छता ल अपनाबो जी ,दुर्ग ल नंबर वन बनाबो जी ।हमारा लक्ष्य , दुर्ग हो सबसे स्वच्छ । नारी शक्ति ने ठाना है ,दुर्ग को नंबर वन बनाना है । स्वच्छता की राह पर चल रहा है दुर्ग शहर । आदि नारों से सुसज्जित एवम दुर्ग के स्वच्छता अभियान को दर्शाते चित्र सहित आकर्षक फ्लेक्स लोगों को सहज ही आकर्षित कर रहा है । प्रतिदिन एक्सपो एग्जीबिशन में आने वाले लोग सेल्फी जोन में आते हैं पढ़ते हैं चित्रों को देखते है अपनी सेल्फी लेते हैं ।

ब्रांड एंबेसेडर डॉक्टर विश्वनाथ पाणिग्रही शाम को उपस्थित होकर लोगो को विस्तृत में स्वच्छता अभियान की जानकारी देते हैं तथा अभियान से जुड़कर दुर्ग को स्वच्छता में नंबर वन बनाने आव्हान करते हैं ।सेल्फी जोन लोगों को खूब पसंद आ रहा है। लोग इसकी सराहना भी कर रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस पुरानी पेंशन योजना बहाली पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कल करेंगा अभिनंदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस पुरानी पेंशन योजना बहाली पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का अभिनंदन करेगी। यह कार्यक्रम 4 अप्रैल को दोपहर 2 बजे इंद्रावती भवन रायपुर में रखा गया है। इस दौरान राज्य और निगम स्तरीय कर्मचारियों से जुड़ी लंबित समस्याओं की ओर मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण कराते हुए निराकरण की मांग की जाएगी।



छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ नगर पालिक निगम भिलाई में प्रांताध्यक्ष बी.पी. शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की है. कर्मचारी हित में यह बहुत बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय है. छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 4 अप्रैल को राजधानी के इंद्रावती भवन में अभिनंदन करेगी. इस दौरान कर्मचारियों से जुड़ी कुछ समस्याएं लंबित हैं, उसके निराकरण की मांग भी मुख्यमंत्री से की जाएगी।

**कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ सीएम से करेगा अपील :** इसमें पिता के राज्य स्तर की लंबित मांगों में 14 प्रतिशत महंगाई भत्ता, सातवें वेतन मान के आधार पर नवीन गृह भाड़ा भत्ता देने एवं समस्त अधिकारी कर्मचारियों के वेतन विसंगति को दूर करना प्रमुख है. कर्मचारी कांग्रेस नगर निगम प्रकोष्ठ के दुर्ग जिला अध्यक्ष एवं प्रांतीय संगठन सचिव श्रवण कुमार ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री से निगम स्तर की कुछ समस्या के निवारण की भी मांग किया जाना है

स्थान पर मिली अनुकंपा नियुक्ति को नियमित किया जाना, जिन पदों में पदोन्नति का चैनल नहीं है उनमें पदोन्नति का चैनल निर्धारण करना और छठवां वेतनमान का एरियर्स 1 जनवरी 2006 से 19 मई 2011 तक भुगतान किया जाना प्रमुख है. उन्होंने बताया कि राज्य शासन का आदेश नहीं होने से मामला 21 मार्च 2015 से हाईकोर्ट में लंबित है. इसके पश्चात ही सातवें वेतनमान के एरियर्स भुगतान के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया जाएगा।




## दुर्ग के कोठारी बंधुओं ने धोखाधड़ी कर 53 करोड़ 44 लाख का शेयर कर लिया अपने नाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर के तीन लोगों ने अपने साथ काम करने वाले व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी कर 53 करोड़ 44 लाख 19 हजार 230 रूपये अपने नाम कर लिया। इस मामले में पीड़ित व्यक्ति जो कोलकाता में निवास करते है, उन्होंने कोलकाता के बुर्तोल्ला थाना में इन आरोपियों के खिलाफएफआईआर दर्ज कराया है।



एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी सिद्धार्थ कोठारी ने कोलकाता सेशनकोर्ट में पहले अग्रिम जमानत के लिए आवेदन लगाया लेकिन उनकी जमानत याचिका खारिज हो गई उसके बाद सिद्धार्थ कोठारी ने कोलकाता हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अपने वकील के माध्यम से आवेदन लगाया जिसे गत 14 मार्च को कोलकाता हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। वहीं इस मामले के दो लोग सुरेशे कोठारी और श्रीपाल कोठारी ने कोलकाता सेशन कोर्ट में अपने अग्रिम जमानत के लिए आवेदन लगाया जिसे गत 30 मार्च 2022 को सेशन कोर्ट ने इनकी जमानत याचिका खारिज कर दी।

उक्त बातें पीड़ित प्रकाश जयसवाल के अधिवक्ता पुरूषोत्तम सोनारे ने एक पत्रकारवार्ता में कही। उन्होंने आगे बताया कि प्रार्थी प्रकाश जायसवाल के अधिवक्ता बताया कि रजत बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जो जमीन का काम करता है , ने अपने 40 हजार शेयर 2005-06 में प्रकाश जायसवाल को एलाट किए थे। इस शेयर की वर्तमान कीमत 53 करोड़ 44 लाख 19 हजार 230 रुपए है। इस शेयर को 2012-13 से सुरेश कोठारी ने अपने कजिन ब्रदर्स सीए श्रीपाल कोठारी की मदद से प्रकाश जायसवाल के शेयर को धोखाधड़ी, कुटरचित कर सुरेश कोठारी ने अपने नाम पर चढ़ा लिया।

उसके बाद प्रार्थी प्रकाश जायसवाल ने कई बार सुरेश कोठारी और सीए श्रीपाल कोठारी को टोका और अपने शेयर अपने नाम पर करने के लिए कहा। कई बार लिखित में भी दिया, कंपनी को भी पत्र लिख कर मांग की थी, 18 जून 2020 को रजत बिल्डकॉन प्रा.लि. ने भी आरोपियों को पत्र लिख कर शेयर वापस करने कहा और जवाब मांगा लेकिन आरोपियों ने नही मानी और कोई जवाब नहीं दिया तो प्रार्थी ने बुर्तोल्ला थाने में एफआईआर दर्ज करा दिया।

प्रार्थी की शिकायत पर कोलकाता के बुर्तोल्ला पुलिस ने 2 जनवरी 2021 को पदमनाभपुर निवासी सुरेश कोठारी, सिद्धार्थ कोठारी और सीए श्रीपाल कोठारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420,467,468,471,406,120 बी के तहत अपराध दर्ज किया। अपराध दर्ज होने के बाद कोलकाता पुलिस ने पिछले साल 11 मार्च 2021 को इन तीनों आरोपियों को पकडने दुर्ग आई थी लेकिन एफआईआर दर्ज होने की जानकारी मिलते ही ये तीनो आरोपी फरार हो हो गये जिसके कारण से कोलकाता पुलिस खाली हाथ लौट गई थी। उसके बाद इन आरोपियों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोलकाता सेशन कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन लगाया था लेकिन सेशन कोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद सिद्धार्थ कोठारी ने कोलकाता हाईकोर्ट मे अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दी जिसे गत 14 मार्च को हाईकोर्ट ने इनकी जमानत याचिका खारिज कर दी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950